# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 26 अक्टूबर 2025

संवत 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष 5 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 48 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 आस्था, श्रद्धा और विश्वास का पर्व है छठ

रश्मिका मंदाना ने शेयर किया थामा की शूटिंग का अनुभव 6


# आज खरना, गुड़-चावल की खीर और पूजा से व्रत की शुरूआत

संवाददाता

**रांची :** चार दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व की शुरूआत नहाय-खाय के साथ हो गई। छठ के दूसरे दिन को खरना कहते हैं। कार्तिक मास की पंचमी को मनाए जाने वाले इस दिन को लोहंडा भी कहा जाता है। इस साल खरना 26 अक्टूबर को है।

**खरना का महत्व और व्रत की परंपरा :** खरना के दिन व्रती दिनभर उपवास रखते हैं और रात में खीर प्रसाद बनाकर ग्रहण करते हैं। इस दिन व्रत का अर्थ केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक शुद्धिकरण भी है। रात को खीर खाकर व्रती अपने तन और मन को शुद्ध करते हैं और अगले दिन छठ पूजा के लिए 36 घंटे का निर्जला उपवास रखते हैं।



**प्रसाद बनाने की विशेष विधि :** खरना का प्रसाद नए मिट्टी के चूल्हे पर बनाया जाता है, हालांकि अब समय के साथ गैस चूल्हे का उपयोग भी होने लगा है। प्रसाद बनाने में आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है, जबकि अन्य पेड़ों की लकड़ियों का प्रयोग नहीं किया जाता।

**खरना प्रसाद में क्या शामिल होता है :** खरना में मुख्य रूप से गुड़ और चावल से बनी खीर तैयार की जाती है। इसके अलावा केले और अन्य स्थानीय सामग्री का भी उपयोग होता है। विभिन्न क्षेत्रों में प्रसाद में रोटी, पूरी, गुड़ की पूरियां भी भगवान को चढ़ाई जाती हैं।

**प्रसाद ग्रहण के समय शांति बनाए रखना जरूरी :** खरना के दिन जब व्रती प्रसाद ग्रहण कर रहे होते हैं, उस समय घर में पूर्ण शांति बनाए रखी जाती है। ऐसा माना जाता है कि आवाज होने पर व्रती प्रसाद खाना रोक देते हैं। घर के अन्य सदस्य व्रती के ग्रहण के बाद ही प्रसाद लेते हैं।

**छठ व्रत से जुड़ी मान्यताएं :** कथाओं के अनुसार, जब पांडवों ने अपना सारा राजपाट जुए में हार दिया, तब श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को छठ व्रत रखने को कहा। द्रौपदी ने व्रत पूरा किया और उसकी मनोकामनाएं पूरी हुईं, जिससे पांडवों को राजपाट वापस मिला।

इसके अलावा, मान्यता है कि रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की। अगले दिन सप्तमी को सूर्योदय में अनुष्ठान कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। छठ महापर्व में इस तरह हर दिन की अपनी विशेष परंपरा और आध्यात्मिक महत्व है, जो व्रतियों के जीवन में शुद्धि, भक्ति और समर्पण का संदेश देती है।

### खुलेआम भिड़े रिजर्व और स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री

## नकल करके आर्थिक रिसर्च रिपोर्ट तैयार करने का आरोप

**नई दिल्ली :** एक अभूतपूर्व घटना के तहत देश के मौद्रिक प्राधिकरण रिजर्व बैंक और देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री सार्वजनिक रूप से भिड़ गए। यह भिड़ंत आर्थिक रिसर्च की एक रिपोर्ट में नकल के मुद्दे पर हुई। हैरानी की बात ये है कि ये आरोप-प्रत्यारोप सार्वजनिक तौर पर सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर लगाए गए। इस मामले ने देश के दो प्रमुख आर्थिक संस्थानों को थोड़ा असहज कर दिया है।

**रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्री ने लगाए डेटा चोरी के आरोप :** दरअसल रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति विभाग के असिस्टेंट जनरल मैनेजर सार्थक गुलाटी ने लिंक्डइन पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिसर्च टीम ने एसबीआई की एङ्क६१स्त्र पब्लिकेशन रिपोर्ट के लिए केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति रिपोर्ट (एमपीआर) के हालिया संस्करण से बिना पूछे डेटा चोरी करने का आरोप लगाया। सार्थक गुलाटी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, 'वित्तीय और आर्थिक पेशेवर होने के नाते हम मौलिकता पर निर्भर होते हैं, लेकिन ये बेहद चिंताजनक है कि स्टेट बैंक की हालिया एङ्क६१स्त्र रिपोर्ट का डेटा रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति रिपोर्ट से जैसा का तैसा नकल कर लिया गया और इसकी इजाजत भी नहीं ली गई।'

**महंगाई की भविष्यवाणी को लेकर आरबीआई जारी करता है मौद्रिक नीति रिपोर्ट :** आरबीआई कानून के तहत मौद्रिक नीति रिपोर्ट हर छह महीने में प्रकाशित होती है। इस रिपोर्ट में महंगाई के कारण और महंगाई को लेकर अगले 6-18 महीनों की भविष्यवाणी की जाती है। सार्थक गुलाटी ने आरोप लगाया कि इस तरह से आर्थिक रिसर्च डेटा की चोरी न सिर्फ पाठकों को गुमराह करेगी बल्कि इससे आर्थिक रिसर्च के स्टैंडर्ड को भी धक्का लगेगा। स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री तापस परीदा द्वारा लिंक्डइन पर ही रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्री सार्थक गुलाटी के आरोप को खारिज कर दिया गया है। हालांकि अभी तक रिजर्व बैंक और स्टेट बैंक की तरफ से इसे लेकर कोई स्पष्टीकरण या आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### उत्तर भारत में खराब एक्यूआई को लेकर कांग्रेस ने जताई चिंता, कहा

## वायु प्रदूषण अब दिमाग और शरीर पर सीधा हमला



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। खासकर सर्दियों के आगमन के साथ ही दिल्ली-एनसीआर के हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 300-400 के स्तर पर बना हुआ है। इस बीच विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने रविवार को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा। कांग्रेस ने कहा कि भारत का वायु प्रदूषण संकट अब केवल सांस से जुड़ी समस्या नहीं रहा, बल्कि यह हमारे दिमाग और शरीर पर पूर्ण हमला बन चुका है। पार्टी ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) को पूरी तरह संशोधित करने और राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (एनएएक्यूएस) को तत्काल अपडेट करने की मांग की।

कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि वायु प्रदूषण एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा और राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा बन गया है, जो कि समाज, स्वास्थ्य प्रणाली और भविष्य के कार्यबल के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, भारत का वायु प्रदूषण संकट अब केवल सांस लेने की बीमारी नहीं रहा। यह अब हमारे दिमाग और शरीर पर सीधा हमला बन गया है। रमेश ने स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2023 में भारत में करीब 20 लाख मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी रहीं, जो वर्ष 2000 के मुकाबले 43 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। उन्होंने कहा कि इनमें से करीब 90 प्रतिशत मौतें गैर-संक्रामक बीमारियों (एनसीडी) जैसे हृदय रोग, फेफड़ों का कैंसर, मधुमेह और अब डिमेंशिया जैसी बीमारियों से जुड़ी थीं।

कांग्रेस नेता ने आगे आंकड़े रखते हुए कहा, ₹भारत में वायु प्रदूषण से प्रति एक लाख आबादी पर करीब 186 मौतें दर्ज होती हैं, जो उच्च आय वाले देशों (17 प्रति लाख) की तुलना में दस गुना अधिक हैं। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण भारत में लगभग 70 प्रतिशत सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज), 33 प्रतिशत फेफड़ों के कैंसर, 25 फीसदी हृदय रोग और 20 फीसदी मधुमेह से होने वाली मौतों के लिए जिम्मेदार है।

रमेश ने बताया कि सूक्ष्म कण (पीएम 2.5) के लंबे समय तक संपर्क से मस्तिष्क को नुकसान और संज्ञानात्मक क्षमता में गिरावट का खतरा बढ़ता है। वर्ष 2023 में विश्वभर में डिमेंशिया से हुई 6.26 लाख मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी पाई गईं। उन्होंने कहा कि भारत में पीएम 2.5 का मानक विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वार्षिक मानक से आठ गुना और 24 घंटे के मानक से चार गुना अधिक है। एनसीएपी की शुरूआत 2017 में होने के बावजूद पीएम 2.5 का स्तर लगातार बढ़ा है और अब देश का हर व्यक्ति ऐसे क्षेत्र में रह रहा है जहां पीएम 2.5 का स्तर डब्ल्यूएचओ के मानक से काफी अधिक है।

उन्होंने सुझाव देते हुए कहा, हमें एनसीएपी में मूलभूत संशोधन करने और एनएएक्यूएस को तत्काल अपडेट करने की आवश्यकता है, जिसे नवंबर 2009 में आखिरी बार सावधानी से तैयार किया गया था।

## दिल्ली का पहला लोगो एक नवंबर को जारी होगा : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार 1 नवंबर को दिल्ली स्थापना दिवस पर शहर का पहला आधिकारिक लोगो जारी करेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का यह लोगो राजधानी की विशिष्ट पहचान का एक नया प्रतीक होगा। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि यह लोगो शहर के आधुनिक, पारदर्शी और जन-हितैषी शासन को दर्शाएगा, साथ ही दिल्ली की संस्कृति और विकास के सामंजस्य को भी उजागर करेगा। माय गवर्नमेंट पोर्टल पर एक लोगो डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 सितंबर निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि देश भर से कुल 1,800 डिजाइन प्राप्त हुए थे। एक अधिकारी ने बताया कि पिछले महीने, मुख्यमंत्री ने दिल्ली के आधिकारिक लोगो के चयन की निगरानी के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था, जो शहर की विशिष्ट पहचान, समृद्ध इतिहास, संस्कृति, विकास और लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाएगा।



उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए आधिकारिक लोगो तैयार कर रही है। अधिकारी ने कहा कि इस परियोजना पर काम पहले से ही चल रहा है और मुख्यमंत्री गुप्ता ने दिल्ली के आधिकारिक लोगो के चयन की निगरानी के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने लोगो के डिजाइन और चयन के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति ने प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया और अंतिम डिजाइन को चुना।इस समिति में विभिन्न विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ शामिल थे, और सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोगो दिल्ली की विशिष्ट पहचान का एक नया प्रतीक होगा। सरकार चाहती है कि यह शहर के आधुनिक, पारदर्शी और जन-केंद्रित शासन को प्रतिबिंबित करे।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दिल्ली को एक मजबूत, पहचान योग्य ब्रांड के रूप में स्थापित करना है जो लोकतांत्रिक मूल्यों, तकनीकी प्रगति और नागरिक भागीदारी का प्रतिनिधित्व करता है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि 1 नवंबर 2025 को दिल्ली स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली सरकार का पहला आधिकारिक लोगो लॉन्च किया जाएगा। यह लोगो दिल्ली के आधुनिक, पारदर्शी और जनकल्याणकारी सेवा संस्कृति को दर्शाएगा। इसमें राजधानी की परंपरा, विरासत और विकास का सुंदर सामंजस्य झलकेगा। उन्होंने कहा कि अब तक दिल्ली का कोई आधिकारिक लोगो नहीं था, जबकि देश के अधिकांश राज्यों का अपना प्रतीक चिह्न है जो उनकी विशिष्ट पहचान दशार्ता है। हमारी सरकार ने आते ही इस दिशा में कार्य शुरू किया, ताकि दिल्ली को भी उसकी गरिमा के अनुरूप अपनी पहचान मिल सके। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली को एक सशक्त ब्रांड के रूप में स्थापित करना है जो लोकतांत्रिक मूल्यों, तकनीकी प्रगति और नागरिक भागीदारी का संदेश दे।

## औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अब छत्रपति संभाजीनगर हुआ, दक्षिण मध्य रेलवे ने किया एलान

**मुंबई :** दक्षिण मध्य रेलवे ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए औरंगाबाद रेलवे स्टेशनह्न का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशनह्न कर दिया है। रेलवे ने बताया कि यह नाम परिवर्तन औपचारिक रूप से लागू कर दिया गया है और स्टेशन के सभी साइनबोर्ड, टिकट, घोषणाएं और डिजिटल सिस्टम में नया नाम अपडेट किया जा रहा है। आधिकारिक नोटिस में लिखा है कि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा औरंगाबाद रेलवे स्टेशन नांदेड मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**सभी जरूरी प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी :** रेलवे के मुताबिक, यह फैसला महाराष्ट्र सरकार की अनुशंसा और गृह मंत्रालय की स्वीकृति के बाद लिया गया। स्टेशन का नया नाम छत्रपति संभाजीनगर मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और ऐतिहासिक योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से रखा गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस बदलाव के बाद यात्रियों को स्टेशन से जुड़ी सभी सूचनाएं और टिकटें नए नाम से जारी होंगी। एक अधिकारी ने कहा रेलवे ने सभी जरूरी प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। अब सभी प्लेटफॉर्म और ट्रेनों की घोषणाओं में स्टेशन का नाम छत्रपति संभाजीनगरह्न सुनाई देगा। इससे पहले, केंद्र सरकार ने 2022 में औरंगाबाद शहर का नाम भी छत्रपति संभाजीनगर करने की मंजूरी दी थी। अब रेलवे स्टेशन के नाम परिवर्तन के साथ यह प्रक्रिया पूरी हो गई है।

**15 अक्तूबर को जारी हुआ था गजट नोटिफिकेशन :** गौरतलब है कि भाजता नेता और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार ने विगत 15 अक्तूबर को इसका नाम बदलने का गजट नोटिफिकेशन जारी किया था। तीन साल पहले तत्कालीन सरकार ने औरंगाबाद शहर का नाम छत्रपति संभाजीनगर किया था।

# मलेशिया में 47वां आसियान शिखर सम्मेलन शुरू, प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली शामिल होंगे

**कुआलालंपुर :** मलेशिया में रविवार से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) का 47वां शिखर सम्मेलन शुरू हुआ। इस बार का विषय है समावेशन और स्थिरताह्न।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में मलेशिया नहीं जाएंगे, बल्कि वे रविवार को इसमें वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से बात की और आसियान की अध्यक्षता संभालने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने सम्मेलन की सफलता की कामना करते हुए भारत-आसियान के व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम 26 से 28 अक्टूबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में आसियान देशों के प्रमुखों के साथ-साथ अमेरिका, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों के प्रतिनिधियों की मेजबानी कर रहे हैं। कुल दस सदस्य देशों के साथ 30 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है।




बाहरी देशों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मलेशिया की राजधानी में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। ट्रंप आसियान नेताओं के साथ एक डिनर में शामिल होंगे और कंबोडिया-थाईलैंड के बीच शांति समझौते के साक्षी बनेंगे। यह संघर्ष विराम अनवर की मध्यस्थता के बाद समाप्त हुआ था।

इस सम्मेलन में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग, चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग और जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री साने ताकाइची शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भी इसमें भाग ले रहे हैं।

आसियान से ब्रुनेई के सुल्तान हसनल बोल्किया, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो, सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट, वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह, फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर, लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफांडोन, थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल और तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता के शामिल होने की उम्मीद है। तिमोर-लेस्ते इस बार संगठन का 11वां सदस्य बनने जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और अन्य वैश्विक संगठनों सहित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है, जबकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से बैठकों में शामिल होंगे। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी उपस्थित लोगों में शामिल होंगे।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग इसमें शामिल नहीं होंगे। रूस का प्रतिनिधित्व उप प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर नोवाक करेंगे। वहीं, म्यांमार की सेना द्वारा 2021 में किए गए तख्तापलट के बाद से आसियान ने उसकी सैन्य सरकार को निमंत्रण नहीं देने का निर्णय लिया है।

सम्मेलन में आंतरिक बैठकों के अलावा, अमेरिका, चीन और जापान के साथ विशेष बैठकें भी होंगी।

आसियान की स्थापना 8 अगस्त 1967 को बैंकॉक में हुई थी। इसके सदस्य देश हैंङ्ग ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर को उम्मीद है कि इस सम्मेलन से सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। व्यापार से जुड़ी चर्चा में अमेरिका के शुल्क (टैरिफ) और दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति पर खास जोर रहेगा। ट्रंप के टैरिफ के जवाब में, चीन ने दुर्लभ मृदा खनिजों पर निर्यात प्रतिबंध कड़े कर दिए हैं, जिसका असर दुनिया भर में महसूस किया जा रहा है।

सम्मेलन में म्यांमार के रोहिंग्या समुदाय की स्थिति, दक्षिण चीन सागर में तनाव और गाजा की स्थिति पर भी चर्चा होगी।

समाचार सार



## आपदा प्रबंधन से संबंधित आयोजित बैठक संपन्न

**दुमका :** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को आपदा प्रबंधन से संबंधित एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने निर्देश दिया कि प्राकृतिक आपदा से संबंधित व्ययों का यूसी (उपयोग प्रमाण पत्र) अविलंब समर्पित किया जाए। इसके अतिरिक्त, सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने प्रखंडों के छठ घाटों का निरीक्षण करने और वहां सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी लेने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा कि छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पानी में रस्सी लगाई जाए, ताकि पानी की गहराई का सही पता लगाया जा सके और किसी भी आकस्मिक स्थिति से बचाव हो।उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण किया जाए और छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि आपदा से संबंधित आवेदन जिनमें त्रुटि हो, उनका शीघ्र निराकरण कर पुनः प्रेषित किया जाए।

## अपर समाहर्ता ने किया ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान



**देवघर :** जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात अपर समाहर्ता हीरा कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त का है।

## छठ महापर्व पर मुरहु में भव्य श्री गंगा आरती का आयोजन



**मुरहु :** छठ महापर्व के पावन अवसर पर मुरहु छठ घाट पर एक भव्य श्री गंगा आरती के आयोजन की तैयारी की जा रही है। इस विशेष आयोजन की जानकारी देते हुए उप प्रमुख अरुण साबू ने बताया कि संध्या अर्घ्य के पश्चात वाराणसी (बनारस) से पधारे हुए पंडितों द्वारा विधि-विधान से यह गंगा आरती संपन्न कराई जाएगी। यह भव्य आरती छठ महापर्व की पावनता और सांस्कृतिक विरासत को एक नया आयाम देगी। इस दिव्य आयोजन में ग्रामवासियों के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों से आने वाले हजारों श्रद्धालु भाग ले सकेंगे और आरती की मनोहर छटा का आनंद ले सकेंगे। उप प्रमुख अरुण साबू ने सभी ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और आरती की पवित्रता में सहभागी बनने की अपील की है। माना जा रहा है कि इस आयोजन से छठ पर्व का उत्सव और अधिक आध्यात्मिक एवं भव्य रूप लेगा।

## अल्मा मेटर संस्था द्वारा आठ दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शुभारंभ

**रांची :** सांस्कृतिक निदेशालय, झारखंड के सौजन्य से अल्मा मेटर संस्था द्वारा आयोजित एक आठ दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शुभारंभ आज यहाँ हुआ। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य 20 चयनित प्रतिभाशाली कलाकारों को रंगमंच और संगीत की बारीकियों से परिचित कराना तथा उनके कौशल को निखारना है। इन कलाकारों को अगले आठ दिनों तक रंगमंच की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित किया जाएगा।

इस आयोजन को सफल बनाने में प्रशिक्षकों हरिलाल महतो, राजेंद्र महतो तथा उमेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ये सभी अनुभवी प्रशिक्षक कलाकारों को रंगमंच के गुर सिखाएंगे।

अल्मा मेटर संस्था के सचिव भूपेंद्र कंसारी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को एक मंच प्रदान करना तथा रंगमंच कला को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, ‘यह आठ दिवसीय कार्यशाला स्थानीय कलाकारों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है, जहाँ वे न केवल नए कौशल सीखेंगे बल्कि अपनी प्रतिभा को और निखारने का मौका भी पाएंगे।

संस्था का मानना है कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अल्मा मेटर संस्था सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

# सुरक्षा और सुविधा को लेकर नगर निगम की टीम व पुलिस के जवान होंगे प्रतिनियुक्ति : उपायुक्त

संवाददाता



**देवघर :** जिले के लोक आस्था के महापर्व छठ व्रत की तैयारियों को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने शनिवार को शहर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने शिवगंगा सरोवर, डढ़वा नदी, नावाडीह घाट, नंदन पहाड़ फिल्टर, मंगल तालाब, जलसार तालाब, मानसिंघी तालाब आदि पहुँचकर वहाँ की वस्तुस्थिति व साफ-सफाई का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व को देखते हुए इन घाटों पर साफ-साफाई की व्यवस्था अच्छी तरह से रहे, ताकि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावे छठ व्रतिओं व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए उपायुक्त ने एनडीआरएफ की टीमों को शिवगंगा पर बोट व अन्य सुरक्षा व्यस्थाओं के साथ प्रतिनियुक्त रहने का निदेश दिया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से रोका जा सके।

इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री लकड़ा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई के साथ-साथ सुरक्षा को लेकर दण्डाधिकारियों व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति ससमय कर दी जाय। साथ हीं उन्होंने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के अलावा अतिक्रमण, विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था को लेकर छठ समितियों व संबंधित अधिकारियों की आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी छठ घाटों का लगातार भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी छठव्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने शिवगंगा सरोवर की साफ-सफाई और अतिक्रमण के अलावा विभिन्न छठ घाटों पर आवश्यकता अनुसार एम्बुलेंस, मोबाईल टॉयलेट, अग्निशमन वाहन के आवागमन की व्यवस्था, लाईटिंग, स्वास्थ्य व्यवस्था और विद्युत कनेक्शन की बारीकी से जाँच, विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही छठ पूजा समितियों से उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ देवघर के तहत हम सभी का यह प्रयास होना चाहिये कि हम छठ पर्व के दौरान इन घाटों को स्वच्छता मिशाल के रूप में पेश करें। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों के साथ-साथ आम जनमानस का सहयोग आपेक्षित है। मौके पर देवघर नगर निगम के नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी, सीसीआर डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, सिटी मैनेजर प्रकाश मिश्रा, विद्युत विभाग की टीम, पेयजल स्वच्छता विभाग व नगर निगम की टीम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मी आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में छठ पर्व की तैयारियों की समीक्षा, सभी विभागों को दिए कड़े निर्देश



संवाददाता

**खूंटी :** आगामी छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में जिले के सभी प्रमुख छठ घाटों पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, गोताखोरों की तैनाती और यातायात प्रबंधन सहित सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त श्रीमती रॉनिटा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी घाटों पर बैरिकेडिंग, पर्याप्त रोशनी और अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील माने जाने वाले घाटों पर गोताखोरों की टीमों को तैनात रखने के आदेश दिए गए। नगर पंचायत को वार्ड स्तर पर व्यापक सफाई अभियान चलाने और घाटों पर पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, नगर पंचायत क्षेत्र में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने को कहा गया।

चिकित्सा विभाग को निर्देश दिया गया कि वह सभी प्रमुख घाटों पर एंबुलेंस, प्राथमिक उपचार की सुविधा और मेडिकल टीमों की तैनाती सुनिश्चित करे। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और घाटों पर अतिरिक्त अस्थायी लाइटिंग की व्यवस्था करने की जिम्मेवारी सौंपी गई।

उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी विभागों को समय रहते अपनी तैयारियां पूरी कर लेनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को स्वयं घाटों का निरीक्षण कर निदेशों का पालन सुनिश्चित करने और निरंतर निगरानी रखने को कहा। साथ ही, किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने का निर्देश दिया।

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मनीष टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दिपेश कुमारी, अपर समाहर्ता श्री परमेश्वर मुंडा, सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी सहित जिले के सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदूषण से परेशान गिरिडीहवासी स्पंज प्लांट का कर रहे विरोध, जनसुनवाई में जमकर नारेबाजी



**गिरिडीह:** जिले का औद्योगिक इलाका प्रदूषण के कारण पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो चुका है। प्रदूषण का कुप्रभाव ऐसा पड़ा है कि जमीनें बंजर हो गई, कई बच्चे दिव्यांग पैदा हुए, कइयों को बीमारी हो गई तो कई की जान चली गई। ऐसे में प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग लगातार उठती रही है। इस क्षेत्र में रहने वाले हजारों लोग प्रदूषण से पूरी तरह से निजात चाहते हैं। यही कारण है कि आए दिन धरना-प्रदर्शन होता रहता है। यहां के लोग अब क्षेत्र में बड़ी परियोजना को लगने देना नहीं चाहते।

लोग कहते हैं कि जान बचेगी तो बहुत काम मिलेगा। इसी प्रदूषण के कारण फिर से लोगों ने सदर प्रखंड के चतरो में स्थित प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण परियोजना का खुले आम विरोध कर दिया। यहां इस परियोजना के लिए एक साल बाद फिर से जनसुनवाई हुई लेकिन इस सुनवाई में लोगों ने खुलकर अपने गुस्से का इजहार कर दिया। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद की तरफ से सदर प्रखंड के मंझलाडीह में आयोजित पर्यावरणीय लोक सुनवाई में पहुंचे ग्रामीण काफी गुस्से में दिखे।

### समाज से पैसा लेकर लगाया जाता है अनोखा छठ बाजार

# फल बेचकर वापस कर दिया जाता है पैसा



संवाददाता

**हजारीबाग:** छठ के अवसर पर हजारीबाग में एक अनोखा छठ बाजार लगता है। जहां खरीद दाम पर फल उपलब्ध कराया जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समाज के लोगों से पैसा एकत्रित किया जाता है। फिर फल लागत मूल में बेचा जाता है, बेचकर पैसा वापस कर दिया जाता है। इस बार लगभग 60 लाख रुपए का फल का बाजार हिंदू स्कूल में लगाया गया है। लोक आस्था का महापर्व छठ धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सूर्य देवता को प्रसन्न करने के लिए चार दिनों का अनुष्ठान व्रत में किया जाता हैं। इसे लेकर बाजार भी सज के तैयार हो गया है। हर जगह छठ व्रती महिला के परिजन नजर आ रहे हैं। खासकर, फल की बिक्री जोर शोर से है।

हजारीबाग में अनोखा बाजार लगता है। जहां लगभग 60 लाख का फल बेचा जाएगा। फल बेचने की प्रक्रिया और तरीका बेहद अलग है। समाज के लोगों से सहयोग राशि ली जाती है और फिर उन्हें बेचकर पैसा वापस किया जाता है। खासियत यह है कि लागत मूल्य पर ही फल बाजार में मुहैया कराया जाता है। इस बाजार का एकमात्र उद्देश्य फल मूल्यों को नियंत्रित करना है। त्योहार के समय फलों की कीमत आसमान छू जाती है तो दूसरी ओर इस बार महंगाई की मार भी लोगों को झेलना पड़ रही है। ऐसे में यह बाजार आकर्षण का केंद्र बिंदु रहता है।

इस बाजार में कोई व्यवसायी नहीं होता है। बल्कि समाज के युवक संचालन करते हैं। जिसमें शिक्षक, अधिवक्ता, पत्रकार, समाजसेवी पूरे बाजार का संचालन करते हैं। बेहद श्रद्धा भावना के साथ बाजार का संचालन की जाती है। बाजार लगाने के लिए 1 महीने सूर्य षष्ठी छठ पूजा वितरण समिति पैसा समाज के लोगों से एकत्रित करते हैं और फिर बेचकर उन्हें वापस किया जाता हैं। इस बाजार की चाहत यहां की जनता को भी होती है। इस बाजार में खासकर किसानों को विशेष रूप से जगह दिया जाता है। जो अपना उत्पाद लाकर यहां बेचते हैं। उनसे किसी भी तरह की शुल्क नहीं ली जाती है। यहां तक कि रिफाइन घी भी लागत मूल्य पर ही उपलब्ध कराया जाता है। यह बाजार पूरे जिले भर में सुर्खियों में रहता है। इस बार श्री सूर्य षष्ठी छठ पूजा फल वितरण समिति ने विभिन्न इलाकों में इसी तरह का बाजार लगाया है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब महिला पुरुष को भी सस्ते मूल्य में उपलब्ध हो सके।

## धनबाद पहुंचेगी आरसीएम की रूपांतरण यात्रा

**धनबाद :** आरसीएम की रूपांतरण यात्रा, जो अब तक 20 शहरों में एक लाख से अधिक लोगों को जोड़ चुकी है, 27 अक्टूबर को धनबाद पहुँचेगी। 16 सितंबर को भीलवाड़ा से शुरू हुई यह यात्रा स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार के संदेश के साथ आगे बढ़ रही है। अब तक 2,000 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया है। कार्यक्रम सुबह 7 बजे आरसीएम प्राणगीत से शुरू होगा, जिसमें योग, सेवा गतिविधियाँ और जागरूकता रैली शामिल होंगी। आरसीएम 25 वर्षों की सफलता के साथ आज ?2,400 करोड़ का कारोबार करने वाली अग्रणी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी है।

## पलामू में वॉल पुट्टी मिस्त्री हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**पलामू:** एक वॉल पुट्टी मिस्त्री ने एक व्यक्ति की हत्या की सुपारी ली थी। हालांकि, हत्या को अंजाम देने से पहले ही वॉल पुट्टी मिस्त्री की ही हत्या कर दी गई। 19 अक्टूबर को पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर इलाके में वॉल सुपारी किलर पुट्टी मिस्त्री हसन अली की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने हसन अली की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल और एक देसी कट्टा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी इजहार खान, मुबारक अंसारी और सद्दाम अंसारी भी चैनपुर के शाहपुर के रहने वाले हैं। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि हसन अली ने एकराम कुरैशी की हत्या की सुपारी ली थी। यह सुपारी पलामू के मेदिनीनगर और चैनपुर इलाके के एक नामी शख्स ने दी थी। एकराम हुसैन के रिश्तेदारों को इसकी जानकारी मिली। जिसके बाद एकराम को यह जानकारी दी गई, फिर हसन अली का पता लगाया गया।

एसपी ने बताया कि घटना वाले दिन हसन अली को पकड़कर जबरन कार में बिठाया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इजहार, मुबारक और सद्दाम गोलीबारी में शामिल थे, जबकि एकराम कुरैशी भी घटनास्थल पर मौजूद था। एसपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। हसन अली को 2.5 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। पुलिस ने हत्या की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया, जिसमें चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, उपनिरीक्षक बाबूलाल दुबे, रंजीत बिलुंग और अनिल विद्यार्थी शामिल थे।

हसन अली ने 5 लाख रुपये की सुपारी ली थी और 2।5 लाख रुपये एडवांस मिले थे। शेष रकम हत्याकांड के बाद दी जानी थी। पुलिस जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इस हत्याकांड में पलामू के चर्चित सामाजिक और राजनीतिक हस्ती के नाम भी सामने आने की बात बताई जा रही है।

## थैलेसीमिया पीड़ितों संग रांची में मनाई गई दीपावली

**रांची:** समाज में बड़ी संख्या वैसे लोगों की है जो ब्लड संबंधित जेनेटिकल डिसऑर्डर की बीमारियों जैसे थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, अप्लास्टिक एनीमिया जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे बच्चों को दो पल की खुशी देने की पहल झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन की ओर से की गयी। बार बार ब्लड, प्लेटलेट्स और फैक्टर चढ़ाने के दौरान होने वाले दर्द को सहने, खेलने-कूदने से लेकर कई कामों की बंदिशें सहने वाले ब्लड डिसऑर्डर के शिकार लोगों के चेहरे पर खुशियां लाने की एक कोशिश के तहत आज पुरानी विधानसभा सभागार में दीवाली मिलन सह परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राज्य के अलग अलग जिलों से आये थैलेसीमिया पीड़ित लोगों ने भाग लिया। झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान थैलसेमिक लोगों को रेलवे द्वारा दिया जाने वाला पास भी वितरित किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व मंत्री एवं झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने रक्त विकार से जूझ रहे लोगों के समुचित इलाज की व्यवस्था झारखंड में ही उपलब्ध कराने की बात कही। इस कार्यक्रम में राजद नेता कैलाश यादव सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के संस्थापक नदीम खान ने कहा कि राज्य में करीब 12 हजार ऐसे मरीज हैं जो थैलीसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया से ग्रसित हैं। लेकिन राज्य की सरकार सुविधाएं प्रदान नहीं करती है। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में जहां ब्लड डिसऑर्डर की बीमारी के इलाज के लिए 15 लाख रुपये तक की राशि दिया जाता है तो झारखंड में शून्य है।

रांची की सोनम, सतीश, हजारीबाग की प्रीति और रामगढ़ के ब्रजेश जैसे मरीजों के परिजनों ने बताया कि आज दीवाली मिलन समारोह से निश्चित रूप से उनके चेहरे पर खुशियां आयी हैं। लेकिन सच्ची खुशियां तब आएगी जब उनकी वास्तविक समस्याओं का समाधान होगा।

थैलसीमिक मरीजों के हितों के लिए संघर्ष करूंगा

आज के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व शिक्षा मंत्री प्रदीप यादव ने कहा कि वह पहले से भी राज्य में थैलसीमिक मरीजों के हित की आवाज उठाते रहे हैं। इस संबंध में जल्द ही वह एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

समाचार सार



## भारतीय एकता कमेटी ने छठ महापर्व पर किया दूध का वितरण

**रांची :** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची झारखंड में छठव्रतियों को दूध का वितरण किया गया। मौके पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा के सभी धर्म समुदाय को सम्मान देना हम सभी का कर्तव्य है और यह देश की सबसे बड़ी खूबसूरती है। हम सभी देशवासी आपस में भाई-भाई हैं सचिव रामेश्वर राम ने कहा के शुरू से भारतीय एकता कमेटी सभी धर्म समुदाय के लिए शुभ कार्य कर रही है और आगे भी करते रहेगी।। सभी को शुभ कार्य में सहयोग देना चाहिए उपस्थित पवन कुमार और अप्पू राम ने भारतीय एकता कमेटी के शुभ कार्य की सराहना की और कहा के सभी देशवासी आपस में मिलजुल कर रहे हैं और एक दूसरे को सम्मान करें यही हमारे देश की अच्छाई है समाज में देश में एकता भाईचारा अमन शांति प्यार मोहब्बत बना रहे।

## तनवीर खान बने बिहार चुनाव मे सीतामढ़ी प्रभारी



**रांची :** ऑल इंडिया अल्पसंख्यक कांग्रेस कमिटी चेयरमैन सह राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी कि ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार तनवीर खान की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर बिहार चुनाव के लिया सीतामढ़ी का प्रभारी बनाया गया है। कांग्रेस ने यह बदलाव उस समय की जब बिहार में बिहार विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियों ताल ठोक रही है । तनवीर खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक ऐसा मंच है जिसका उद्देश्य सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध युवाओं और कार्यकताओं को संगठित करना तथा उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करना है। यह केवल एक चुनाव नहीं बल्कि दिशा और दशा तय करने वाला निर्णायक अवसर है। तनवीर खान के सीतामढ़ी प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेसियों ने उन्हें मुबारकबाद दी है ।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में भव्य श्याम भंडारे का हुआ आयोजन

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 176वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा एवं एक श्याम भक्त परिवार ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। फिर खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों को भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया।

एक श्याम भक्त परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में नमक अजवाइन पूड़ी, आलू चना दाल लौकी मिक्स सब्जी और केसरिया जलेबी, टॉफी के प्रसाद का वितरण किया गया।

श्री श्याम भंडारे का प्रसाद मंदिर परिसर में निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी की देखरेख में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, अशोक लड़ियां, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, राजेश ढांढनीया, अनुज मोदी, कमलेश सावा, वेद भूषण जैन, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार, संकेत चौधरी, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने सहयोग दिया। ये जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

## रांची में बस में लगी भीषण आग 4 दर्जन सवारियों की बची जान



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में बड़ी घटना होने से बाल-बाल बच गई। यहां के मांडर बाजारटांड़ के पास शनिवार शाम करीब 5:30 बजे चलती यात्री बस में आग लग गई। बाइक सवार राहगीर की तत्परता से बस में सफर कर रहे करीब 45 यात्रियों की जान बच गई। हालांकि, आग की सूचना पर बस से उतरने की आपाधापी में कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं।

मिली जानकारी के अनुसार, मोना नामक यात्री बस रांची से चतरा जा रही थी। जब बस मांडर बाजारटांड़ के निकट पहुंची, तब एक बाइक सवार राहगीर ने बस के पिछले हिस्से से धुआं उठता देखा। उसने तुरंत ड्राइवर को सूचना दी। ड्राइवर ने ज्यों ही सड़क किनारे बस रोकी, उसमें से आग निकलने लगी। यह देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। एक ही दरवाजे से उतरने की कोशिश में यात्री एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे। इस दौरान कुछ यात्रियों को हल्की चोटें भी आईं। इसी बीच वहां पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने पानी और बालू की मदद से आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलते ही मांडर थाना प्रभारी मनोज करमाली पुलिस बल के साथ पहुंचे। सवारियों को बस से दूर हटाकर जवानों और आम लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया।

चालक ने बताया, बैटरी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

बस चालक और खलासी ने बताया कि बैटरी में शॉर्ट सर्किट के कारण बस में आग लगी थी। बताया जा रहा है बस की बैटरी के ऊपर बने बॉक्स में यात्रियों का सामान रखा था, जिसमें टायर रिसोलिंग का सामान भी था। अगर आग उस हिस्से तक पहुंच जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों की मदद की

# छठ घाट सजकर तैयार, निगम ने श्रद्धालुओं को किया समर्पित

संवाददाता



**रांची :** रांची में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर निगम ने इस बार विशेष तैयारी की है। मंत्री सुदिव्य कुमार के मार्गदर्शन और प्रशासक सुशांत गौरव के नेतृत्व में शहर के सभी घाटों को स्वच्छ, सुंदर और रोशन बनाया गया है।

**73 तालाबों की सफाई और तैयारियां :** छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए निगम की टीम और लगभग 1000 सफाई मित्रों ने दिन-रात मेहनत कर 73 तालाबों की सफाई और मरम्मत पूरी की।पोकलेन, जेसीबी और मशीनों की मदद से तालाबों से गाद और जलकुंभी हटाई गई, फिर फिटकरी और ब्लीचिंग पाउडर से पानी को शुद्ध किया गया।

**घाटों का सौंदर्यीकरण और मरम्मत :** नगर निगम की अभियंत्रण शाखा ने 25 घाटों की पेंटिंग, 16 घाटों की सीढ़ियों की मरम्मत और संपर्क मार्गों के समतलीकरण कार्य पूरे किए हैं। इसके लिए 63 हाइवा ट्रक लगातार लगे रहे।

**जनसंपर्क शाखा की निगरानी** : निगम की जनसंपर्क शाखा ने छठ पूजा समितियों से निरंतर संपर्क रखकर घाटों की जरूरतों और समस्याओं की जानकारी जुटाई। मिली सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई कर सुधार किए गए।

सुरक्षा और अतिक्रमण पर सख्ती

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी खतरनाक स्थानों पर बैरीकेडिंग और चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। इनफोर्समेंट टीम लगातार गश्त कर रही है और अवैध कब्जे या वसूली पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

**श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था :** निगम ने 538 चेंजिंग रूम तैयार किए हैं, जिनमें डबल लेयर कपड़ा और मैट लगाए गए हैं। इसके अलावा, 63 कृत्रिम तालाब भी बनाए गए हैं ताकि भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**कंट्रोल रूम सक्रिय :** छठ के दौरान किसी भी शिकायत या आपात स्थिति के लिए टोल फ्री नंबर 1800-570-1235 जारी किया गया है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

**प्रशासक का संदेश :** प्रशासक सुशांत गौरव ने कहा कि छठ पर्व स्वच्छता, श्रद्धा और संस्कृति का प्रतीक है। निगम की पूरी टीम ने यह सुनिश्चित किया है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और रोशन घाटों पर पूजा-अर्चना का अनुभव मिले। उन्होंने सभी शहरवासियों को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## रांची में सजा पोताला मार्केट लगा रंग-बिरंगे गर्म कपड़े उपलब्ध

**रांची :** सर्दी की दस्तक के साथ लालपुर रोड स्थित पोताला मार्केट रंग-बिरंगे गर्म कपड़ों से सज गया है। इस बार मार्केट में पांच राज्यों हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तराखंड के पारंपरिक और आधुनिक गर्म परिधानों का अनोखा कपड़ा बाजार में उपलब्ध कराए गए हैं। एक छत के नीचे 58 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां सर्दियों के लिए हर तरह के कपड़े शामिल किए गए है। इसमें स्वेटर, जैकेट, शॉल, कुर्ती, कोर्ट समेत अन्य कपड़े उपलब्ध हैं। यह मार्केट 100 दिनों तक शहरवासियों के लिए खुला रहेगा।

**55 साल पुरानी परंपरा, फैशन के साथ गर्माहट :** शनिवार को सर्कुलर रोड, हरिओम टावर के पास पोताला तिब्बतन मार्केट का शुभारंभ किया गया। विश्व शांति और परमपावन दलाई लामा के दीघार्यु की कामना के लिए सामूहिक प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन किया गया।



इस मौके पर पोताला मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष सेरिंग दोरजी ने बताया कि रांची में यह परंपरा 55 साल पुरानी है। हमने शुरूआत फिरायालाल चौक से की थी, इसके बाद शहीद चौक और जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पास भी स्टॉल लगाए जा चुके हैं। यहां बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए कपड़ों की अलग-अलग रेंज और डिजाइन उपलब्ध है।

**हर वर्ग के लिए है बजट के गर्म कपड़े :** निर्वासित तिब्बती समुदाय पिछले 55 वर्षों से रांची में यह मार्केट आयोजित करता आ रहा है। यहां ग्राहकों के लिए 50 रुपए से 4000 रुपए तक के गर्म कपड़ों का शानदार कलेक्शन है। जिसमें किफायती दामों से लेकर हाई-फैशन स्टाइल्स तक सब कुछ एक ही छत के नीचे मिलता है। यहां की क्वालिटी, डिजाइन और विविधता ग्राहकों को हर साल आकर्षित करती है।

### वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान झारखंड में समापन

## यह अभियान एक सशक्त जन आंदोलन बन गया: केशव महतो

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाया गया 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान आज अपने अंतिम चरण में ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न हुआ।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों से निर्धारित लक्ष्य 25 लाख के लगभग हस्ताक्षर फॉर्म प्राप्त हुए, कल कुछ बाकी जिलों से हस्ताक्षर फॉर्म प्राप्त किये जाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश ने इस जनसहभागिता के लिए सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों, संगठन के प्रकोष्ठों और समर्थकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का प्रतीक है।

झारखंड के कांग्रेसजनों ने जिस एकजुटता और समर्पण की मिसाल पेश की है, उसने जनता के विश्वास को और मजबूत किया है। यह हमारी सामूहिक चेतना का प्रमाण है कि लोकतंत्र पर कोई भी आंच नहीं आने देंगे।

**राहुल गांधी के खुलासे से उजागर हुआ सुनियोजित वोट चोरी का षड्यंत्र :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जननायक राहुल गांधी के हालिया खुलासे ने यह सिद्ध कर दिया है कि देश के चुनावों में संगठित रूप से दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं।

यह सुनियोजित 'वोट चोरी' लोकतंत्र के मूल स्वरूप और समानता की भावना पर सीधा प्रहार है। इस गिरोह का निशाना स्पष्ट रूप से वही वर्ग हैं जिनकी आवाज सदियों से सत्ता के खिलाफ उठती रही है।

**झारखंड में गांव-गांव, पंचायत-पंचायत तक चला अभियान :** 'वोट चोरी के खिलाफ जनजागरण' के तहत झारखंड में 15 सितंबर से 25 अक्टूबर 2025 तक प्रत्येक जिले और पंचायत स्तर पर अभियान चलाया गया।

इस दौरान जनता को बताया गया कि किस प्रकार चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध रही है और किसके इशारे पर मतदाता सूचियों में हेराफेरी की जा रही है।

कमलेश ने कहा कि भारत का लोकतंत्र वोट की शक्ति पर टिका है, और आज यही नींव खतरे में है। दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों को चुन-चुनकर मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। वोट चोरी आम जनता की आवाज और अधिकार की चोरी है।

**भाजपा की बेचैनी और चुनाव आयोग की चुप्पी सवालों के घेरे में :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पहले महादेवपुरा और अब कर्नाटक के आलंद में हुए खुलासों से देश की जनता निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को लेकर सशंकित है। मुख्य चुनाव आयुक्त की अगुवाई में 'वोट चोरी' हो रही है, और जब कांग्रेस जवाब मांगती है तो भाजपा नेता छटपटाहट में बचकाने बयान देकर सच्चाई छिपाने की कोशिश करते हैं।

## हीरो हॉकी इंडिया लीग : 2025-26 सीजन के लिए पुरुष-महिला शेड्यूल की हुई घोषणा



**रांची :** हीरो हॉकी इंडिया लीग ने शनिवार को भारतीय हॉकी की सबसे बड़ी प्रतियोगिता 2025-26 सीजन की हीरो पुरुष और महिला लीग के आधिकारिक शेड्यूल की घोषणा कर दी। यह घोषणा रांची के मारांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में की गई। महिला लीग 28 दिसंबर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक रांची में होगी। वहीं, पुरुष लीग 03 से 26 जनवरी 2026 तक चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले के मंत्री सुदिव्य कुमार थे। इस मौके पर हॉकी इंडिया के महासचिव और एचआईएल गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह, रांची रॉयल्स टीम के मालिक अल्विश एमए, और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मनदीप सिंह, आशीष तानी पुर्ती, संगीता कुमारी, दीपिका सोरेंग, निक्की प्रधान एवं ब्यूटी डुंगडुंग भी उपस्थित थीं।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि यह आयोजन शानदार होगा। यह झारखंड के खेल इतिहास में नई ऊंचाई स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहले ही सुझाव दिया था कि रांची की अपनी टीम होनी चाहिए, जिसमें रांची के खिलाड़ी शामिल हों। आज वह सपना रांची रॉयल्स टीम के रूप में साकार हुआ है। यह टीम राज्य के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

मौके पर हीरो हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने कहा, पिछले सीजन की सफलता के बाद हम इस बार और भी रोमांचक प्रतियोगिता देखने जा रहे हैं। हमने पुरुष लीग को तीन शहरों तक विस्तारित किया है, ताकि अधिक से अधिक प्रशंसक इस विश्वस्तरीय हॉकी का आनंद ले सकें। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, हीरो हॉकी इंडिया लीग भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का संगम बन चुकी है। देशभर में फैले मैच और बढ़ते प्रशंसक जुड़ाव के साथ यह सीजन अब तक का सबसे यादगार होगा।

कार्यक्रम के दौरान रांची रॉयल्स का आधिकारिक ह्यलोगोह्ल भी लांच किया गया। यह ह्यलोगोह्ल टीम की जीवंत भावना और झारखंड की समृद्ध हॉकी विरासत के साथ मजबूत संबंध का प्रतीक है।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**शुद्धि-पत्र**

पी०आर० सं०– 363870 Minor Irrigation(25-26).D के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय का ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं०– MID/GUMLA/$F_2$-13/2025-26 दिनांक– 24.09.2025 में अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of E - Tender on website | 05.11.2025 at 2.00 PM |
| 2. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 12.11.2025 up to 5:00 PM |
| 3. | Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 12.11.2025 up to 5:00 pm |
| 4. | Date of Opening Tender | 14.11.2025 at 2:00 PM |

निविदा सूचना की शेष शर्त्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 364741 Minor Irrigation (25-26)_D लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI.**
**Quotation Notice**
**Very Short e-Quotation Reference No. WRD/MID/RANCHI- 03/2025-26**

Letter No. -------------- PR No. 363307 (Minor Irrigation) 25-26 (D) 2nd Call Date------------

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Quotation for Purchase of Different items under e-Governance for the offices under Water Resources Department (Minor Irrigation) |
| 2. | Date of Publication of Quotation | 03.11.2025 at 2.00 pm |
| 3. | Last date/Time for submission of Quotation | 10.11.2025 up to 4:00 pm |
| 4. | Date of Opening Quotation | 12.11.2025 at 5:00 pm |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 9835451527 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |

6. The Department will not be responsible for any delay in online submission due to any reason what so ever.
i.GST Registration
ii.PAN Card

Executive Engineer
Minor Irrigation Division Ranchi

PR 364745 Minor Irrigation(25-26)D



## कब पड़ रही है छठ पूजा और क्या है नहाय खाय, खरना और सूर्योपसना का शुभ मुहूर्त

छठ पूजा का महत्व बहुत गहरा है क्योंकि यह सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का सबसे बड़ा पर्व है जो शुद्धता, अनुशासन और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने पर केंद्रित है। यह पर्व मुख्य रूप से संतान की लंबी आयु, आरोग्य और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए रखा जाता है। इस व्रत में उगते और डूबते दोनों सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है जिसके पीछे मान्यता है कि सूर्य की जीवनदायिनी ऊर्जा हमें स्वास्थ्य और शक्ति देती है और छठी मैया भक्तों के सभी कष्टों को हर लेती हैं। कठोर नियमों जैसे 36 घंटे का निर्जला व्रत और सामूहिक रूप से नदी या घाट पर पूजा करने की परंपरा के कारण, छठ पूजा किसी धार्मिक अनुष्ठान का महापर्व है। छठ पूजा दिवाली के ठीक बाद, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से सप्तमी तिथि तक मनाई जाती है। इस साल छठ पूजा का चार दिवसीय महापर्व 25 अक्टूबर, शनिवार के दिन से शुरू होगा और 28 अक्टूबर, मंगलवार के दिन पर समाप्त होगा।

### नहाय खाय का शुभ मुहूर्त

छठ पूजा का पहला दिन नहाय-खाय होता है, जो 25 अक्टूबर 2025, शनिवार को है। नहाय-खाय का अर्थ है स्नान करना और फिर भोजन ग्रहण करना। इस दिन व्रती पवित्र नदी या घर पर स्नान करने के बाद नए और स्वच्छ वस्त्र पहनते हैं। इसके बाद केवल एक बार सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं, जिसमें मुख्य रूप से कद्दू-भात (लौकी और चावल) और चने की दाल शामिल होती है।

### खरना का शुभ मुहूर्त

छठ पूजा का दूसरा दिन खरना या लोहंडा कहलाता है, जो 26 अक्टूबर 2025, रविवार को है। इस दिन व्रती सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक निर्जला व्रत रखते हैं। शाम को सूर्य अस्त होने के बाद, गुड़ और चावल की खीर या पूड़ी का प्रसाद बनाकर छठी मैया और सूर्य देव को भोग लगाया जाता है। व्रती इस प्रसाद को ग्रहण करके अपना दिनभर का व्रत खोलते हैं। खरना के प्रसाद को ग्रहण करने के बाद ही व्रती का 36 घंटे का लंबा और कठिन निर्जला व्रत शुरू हो जाता है।

सूर्योदय का समय - सुबह 06 बजकर 29 मिनट

सूर्यास्त का समय- शाम 05 बजकर 41 मिनट

खरना का शुभ मुहूर्त - शाम 5 बजकर 42 मिनट से शाम 6 बजकर 25 मिनट

### सूर्य उपासना का शुभ मुहूर्त

छठ पूजा में सूर्य उपासना मुख्य रूप से दो दिन की जाती है, जिसे संध्या अर्घ्य यानी डूबते सूर्य की पूजा और उषा अर्घ्य यानी उगते सूर्य की पूजा कहा जाता है। इन दोनों ही समय पर सूर्य की पूजा से कांतिमय जीवन मिलता है, आरोग्य का वरदान प्राप्त होता है, व्यक्ति को बीमारी से छुटकारा मिल जाता है और भाग्य का साथ मिलने लगता है। व्यक्ति के जीवन से कष्ट दूर हो जाते हैं और सुख-सौभाग्य में वृध्दि होने अलग जाती है।

संध्या अर्घ्य का शुभ मुहूर्त- शाम 05 बजकर 40 मिनट, 27 अक्टूबर 2025


उषा अर्घ्य का शुभ मुहूर्त - सुबह 06 बजकर 30 मिनट, 28 अक्टूबर 2025

व्रत पारण का शुभ मुहूर्त - सुबह 6 बजकर 30 मिनट से सुबह 11 बजकर 14 मिनट

### छठ पूजा 2025 महत्व

यह व्रत मुख्य रूप से संतान की कुशलता, लंबी उम्र और उनकी प्रगति के लिए रखा जाता है। छठी मैया को संतान की रक्षा करने वाली देवी माना जाता है। सूर्य देव को आरोग्य का देवता माना जाता है। कठोर उपवास, उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देना और शुद्ध सात्विक भोजन ग्रहण करना शरीर को निरोगी बनाता है और कई प्रकार के रोगों से मुक्ति दिलाता है। यह माना जाता है कि जो भक्त पूरी श्रद्धा और शुद्धता से इस व्रत को करता है, छठी मैया और सूर्य देव उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं, और जीवन में सुख-शांति तथा धन-समृद्धि आती है। चार दिनों के कठिन व्रत, उपवास और शुद्धता के नियमों का पालन करने से शरीर और मन दोनों पवित्र हो जाते हैं। यह व्रत आत्म-अनुशासन और संयम का अद्भुत उदाहरण है।





# आस्था, श्रद्धा और विश्वास का पर्व है छठ

कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी को सूर्य षष्ठी का व्रत करने का विधान है। प्राचीन काल में इसे बिहार और उत्तर प्रदेश में ही मनाया जाता था। लेकिन आज इस प्रान्त के लोग विश्व में जहाँ भी रहते हैं वहाँ इस पर्व को उसी श्रद्धा और भक्ति से मनाते हैं। यह व्रत बडे नियम तथा निष्ठा से किया जाता है। इसमे तीन दिन के कठोर उपवास का विधान है। इस व्रत को करने वाली स्त्रियों को पंचमी को एक बार नमक रहित भोजन करना पडता है। षष्ठी को निर्जल रहकर व्रत करना पडता है । षष्ठी को अस्त होते हुए सूर्य को विधिपूर्वक पूजा करके अर्घ्य देते हैं। सप्तमी के दिन प्रातःकाल नदी या तालाब पर जाकर स्नान करती हैं। सूर्योदय होते ही अर्घ्य देकर जल ग्रहण करके व्रत को खोलती हैं।

हिन्दू कैलेंडर के अनुसार प्रतिवर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी यानी छठी तिथि को छठ पूजा का त्योहार मनाया जाता है। यह पर्व खासकर उत्तर भारत का पर्व है। यह पर्व छठी माई और भगवान सूर्य का पर्व है।

### संतान के सुख के लिए रखती हैं व्रत

छठ पूजा का व्रत महिलाएं अपनी संतान की रक्षा और पूरे परिवार की सुख शांति का वर मांगाने के लिए करती हैं। मान्यता अनुसार इस दिन नि:संतानों को संतान प्राप्ति का वरदान देती हैं छठ मैया। छठ के दौरान महिलाएं लगभग 36 घंटे का व्रत रखती हैं।

### 36 घंटे का निर्जला उपवास

इस पर्व की शुरुआत नहाय खाये से होती है जिसमें साफ-सफाई और शुद्ध शाकाहारी भोजन सेवन का पालन किया जाता है। इसके बाद सूर्य और छठी मैया को घर में स्थापित कर उनका पूजा किया गया। दूसरे दिन खरना होता है। खरना में महिलाएं नित्यकर्म से निवृत्त होकर साफ वस्त्र पहनती हैं और नाक से माथे के मांग तक सिंदूर लगाती हैं। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम के समय लकड़ी के चूल्हे पर साठी के चावल और गुड़ की खीर बनाकर प्रसाद तैयार करती हैं। पूजा के बाद उसे ही खाती है और घर के अन्य सदस्यों को प्रसाद रूप में इसे दिया जाता है। इस भोजन को ग्रहण करने के बाद ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाता है। मान्यता है कि खरना पूजा के बाद ही घर में देवी षष्ठी (छठी मइया) का आगमन हो जाता है। तब तीसरा दिन और चौथा दिन सबसे महत्वपूर्ण होता है जिसे सांध्य और उषा अर्घ्य कहा जाता है।

### संध्या अर्घ्य

षष्ठी के दिन ही छठ पूजा और पर्व रहता है। इस दिन संध्या अर्घ्य का महत्व है। इस दिन कार्तिक शुक्ल की षष्ठी होती है। संध्या षष्ठी को अर्घ्य अर्थात संध्या के समय सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है और विधिवत पूजन किया जाता है। इस समय सूर्य अपनी पत्नी प्रत्यूषा के साथ रहते हैं। इसीलिए प्रत्यूषा को अर्घ्य देने का लाभ मिलता है। कहते हैं कि शाम के समय सूर्य की आराधना से जीवन में संपन्नता आती है। शाम को बांस की टोकरी में ठेकुआ, चावल के लड्डू और कुछ फल रखें जाते हैं और पूजा का सूप सजाया जाता है और तब सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और इसी दौरान सूर्य को जल एवं दूध चढ़ाकर प्रसाद भरे सूप से छठी मैया की पूजा भी की जाती है। बाद में रात्रि को छठी माता के गीत गाए जाते हैं और व्रत कथा सुनी जाती है।

### उषा अर्घ्य

उषा अर्घ्य अर्थात इस दिन सुबह सूर्योदय से पहले नदी के घाट पर पहुंचकर उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। षष्ठी के दूसरे दिन सप्तमी को उषाकाल में सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाता है जिसे पारण कहते हैं। अंतिम दिन सूर्य को वरुण वेला में अर्घ्य दिया जाता है। यह सूर्य की पत्नी उषा को दिया जाता है। इससे सभी तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। पूजा के बाद व्रति कच्चे दूध का शरबत पीकर और थोड़ा प्रसाद खाकर व्रत को पूरा करती हैं, जिसे पारण या परना कहा जाता है। यह छठ पर्व का समापन दिन होता है। यह मुख्य रूप से यह लोकपर्व है जो उत्तर भारत के राज्य पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के लोग ही मनाते हैं। यहां के लोग देश में कहीं भी हो वे छठ पर्व की पूजा करते हैं।





## छठ पूजा पर सूर्य को अर्घ्य देने के फायदे

छठ पर्व पर सूर्य देव को शाम को और दूसरे दिन प्रातः अर्घ्य दिया जाता है। छठ पर्व एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें शाम को सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है जिसे संध्या अर्घ्य कहते हैं। षष्ठी और सप्तमी को सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। आखिर सूर्य को अर्घ्य देने से क्या होगा और क्यों देते हैं सूर्य को अर्घ्य, जानिए सूर्य को अर्घ्य देने के फायदे।

- शाम के समय सूर्य अपनी पत्नी प्रत्यूषा के साथ रहते हैं। इसीलिए प्रत्यूषा को अर्घ्य देने का लाभ मिलता है। कहते हैं कि शाम के समय सूर्य की आराधना से जीवन में संपन्नता आती है।
- सप्तमी अर्थात अंतिम दिन सूर्य को वरुण वेला में अर्घ्य दिया जाता है। यह अर्घ्य सूर्य की पत्नी उषा को दिया जाता है। इससे सभी तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। षष्ठी के दूसरे दिन सप्तमी को उषाकाल में सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाता है जिसे पारण कहते हैं।
- कहते हैं कि सुबह के सूर्य की आराधना से सेहत बनती है, रोग मिटते हैं, दोपहर की सूर्य आराधना से नाम और यश बढ़ता है और शाम के समय की आराधना से जीवन में संपन्नता आती है।
- यह भी माना जाता है कि उषाकाल के सूर्य की उपासना करने से मुकदमें में फंसे हो तो निकल जाते हैं। आंखों की रोशनी में लाभ मिलता है, अटके काम सलट जाते हैं। पेट की समस्या समाप्त हो जाती है। परीक्षा में लाभ मिलता है।
- माना जाता है कि सुबह के समय सूर्य को जल चढ़ाते समय इन किरणों के प्रभाव से रंग संतुलित हो जाते हैं और साथ ही साथ शरीर में प्रतिरोधात्मक शक्ति बढ़ती है।
- जिन लोगों की कुंडली में सूर्य कमजोर होता है कहते हैं कि उनमें आत्मविश्वास की कमी होती है और वे निराशावादी हो जाते हैं। प्रातःकाल सूर्य देव के दर्शन से शरीर में स्फूर्ति आती है और यदि शरीर अच्छा महसूस करेगा तो मन भी सकारात्मक होकर निराशावाद को भगाकर आत्मविश्वास बढ़ाता है।
- माता जाता है कि जल की धारा में से उगते सूरज को देखना चाहिए इससे धातु और सूर्य कि किरणों का असर आपकी दृष्टि के साथ-साथ आपके मन पर भी पड़ेगा और आपको सकारात्मक उर्जा का आभास होता रहेगा।
- धार्मिक दृष्टिकोण से देखें तो सूर्यदेव को आत्मा का कारक माना गया है। ऐसा भी माना जाता है कि सूर्य देव को अर्घ्य देने से वे बहुत जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। और अपने भक्त के जीवन को अंधकार से निकालकर प्रकाश (ज्ञान) की ओर लेकर जाते हैं।
- मान्यता अनुसार अर्घ्य देने से घर-परिवार में मान-सम्मान बढ़ता है।
- सूर्य को प्रतिदिन अर्घ्य देने से व्यक्ति कुंडली में सूर्य की स्थिति भी मजबूत होती है।
- छठ पर्व को विधिवत मनाने से मिट जाता है सभी तरह का सूर्य दोष।
- ज्योतिषविद्या के मुताबिक हर दिन सूर्य को अर्घ्य देने से व्यक्ति की कुंडली में यदि शनि की बुरी दृष्टि हो तो उसका प्रभाव भी कम होता है। इससे करियर में भी लाभ मिलता है।
- सूर्य प्रकाश का सबसे बड़ा स्त्रोत है और प्रकाश को सनातन धर्म में सकारात्मक भावों का प्रतीक माना गया है। इस प्रकार में सभी तरह के रोग और शोक को मिटान के क्षमता है।
- प्रतिदिन प्रातःकाल सूर्य के समक्ष कुछ देर खड़े रहने से सभी तरह के पौषक तत्व और विटामिन की पूर्ति होने की संभावना बढ़ जाती है।
- जिस तरह पौधों के लिए जल के अलावा सूर्य के प्रकाश की भी जरूरत होती है उसी तरह मनुष्य के जीवन के लिए भी सूर्य के प्रकाश या धूप की अत्यंत ही आवश्यकता होती है।
- सूर्य प्रकाश का सबसे बड़ा स्त्रोत है और प्रकाश को सनातन धर्म में सकारात्मक भावों का प्रतीक माना गया है।

# कैसे करें व्रत

कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को कार्तिकी छठ कहा जाता है। यह पर्व सूर्यदेव की उपासना के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्यदेव की बहन है। इसलिए छठ पर्व पर छठ देवी को प्रसन्न करने हेतु सूर्य देव को प्रसन्न किया जाता है। गंगा-यमुना या किसी भी नदी, सरोवर के तट पर सूर्यदेव की आराधना की जाती है।

महाभारत में भी छठ पूजा का उल्लेख किया गया है। पांडवों की मां कुंती को विवाह से पूर्व सूर्य देव की उपासना कर आशीर्वाद स्वरुप पुत्र की प्राप्ति हुई जिनका नाम था कर्ण। पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने भी उनके कष्ट दूर करने हेतु छठ पूजा की थी। यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से आरंभ होकर सप्तमी तक चलता है। प्रथम दिन यानि चतुर्थी तिथि 'नहाय-खाय' के रूप में मनाया जाता है। आगामी दिन पंचमी को खरना व्रत किया जाता है और इस दिन संध्याकाल में उपासक प्रसाद के रूप में गुड-खीर, रोटी और फल आदि का सेवन करते हैं और अगले 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखते हैं। मान्यता है कि खरन पूजन से ही छठ देवी प्रसन्न होती है और घर में वास करती है। छठ पूजा की अहम तिथि षष्ठी में नदी या जलाशय के तट पर भारी तादाद में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य समर्पित कर पर्व का समापन करते हैं।

छठ पूजा मुख्य रूप से बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। हालांकि अब यह पर्व देश के कोने-कोने में मनाया जाता है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार यह भारत के सूर्यवंशी राजाओं के मुख्य पर्वों से एक था। एक समय मगध सम्राट जरासंध के एक पूर्वज को कुष्ठ रोग हो गया था। इस रोग से निजात पाने हेतु राज्य के शाकलद्वीपीय मग ब्राह्मणों ने सूर्य देव की उपासना की थी। फलस्वरूप राजा के पूर्वज को कुष्ठ रोग से छुटकारा मिला और तभी से छठ पर सूर्योपासना की पूजा आरंभ हुई है। छठ व्रत पूर्ण नियम तथा निष्ठा से किया जाता है। श्रद्धा भाव से किए गए इस व्रत से नि:संतान को संतान सुख की प्राप्ति होती हैं और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। उपासक का जीवन सुख-समृद्धि से परिपूर्ण रहता है।

### छठ व्रत की पूजा विधि

छठ पर्व में मंदिरों में पूजा नहीं की जाती है और ना ही घर में साफ-सफाई की जाती है। पर्व से दो दिन पूर्व चतुर्थी पर स्नानादि से निवृत्त होकर भोजन किया जाता है। पंचमी को उपवास करके संध्याकाल में किसी तालाब या नदी में स्नान करके सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया जाता है। तत्पश्चात अलोना (बिना नमक का) भोजन किया जाता है। षष्ठी के दिन प्रात:काल स्नानादि के बाद संकल्प लिया जाता है। संकल्प लेते समय इन मंत्रों का उच्चारण करें। ऊँ अद्य अमुक गोत्रो अमुक नामाहं मम सर्व पापनक्षयपूर्वक शरीरारोग्यार्थ श्री सूर्यनारायणदेवप्रसन्नार्थ श्री सूर्यषष्ठीव्रत करिष्ये। पूरा दिन निराहार और नीरजा निर्जल रहकर पुनः नदी या तालाब पर जाकर स्नान किया जाता है और सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है।

अर्घ्य- अर्घ्य देने की भी एक विधि होती है। एक बांस के सूप में केला एवं अन्य फल, अलोना प्रसाद, ईख आदि रखकर उसे पीले वस्त्र से ढक दें। तत्पश्चात दीप जलाकर सूप में रखें और सूप को दोनों हाथों में लेकर इस मंत्र का उच्चारण करते हुए तीन बार अस्त होते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य दें।




मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# सभी छठ गंगा घाटों पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था करें : डीडीसी



संवाददाता

**साहिबगंज :** छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं व सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा के नेतृत्व में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की टीम द्वारा साहिबगंज नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न छठ गंगा घाटों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा, पेयजल, चेंजिंग रूम एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। जबकि परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नु मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अमर जॉन आईन्द, सिटी मैनेजर वीरेश कुमार, नगर परिषद व संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी छठ गंगा घाटों पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था, खराब पड़े हाई मास्क को ठीक कराने, साउंड सिस्टम की व्यवस्था एवं पर्याप्त मात्रा में साइनेज लगाया जाए ताकि छठ व्रतियों एवं आगंतुको को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उपविकास आयुक्त श्री सतीश चंद्रा ने मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों व आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप में सम्पन्न हो सके।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश भी दिया।

## माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में वांछित माओवादी अपिल मुर्मू उर्फ.रोहित मुर्मू मारा गया

साहिबगंज : असम के कोकराझार जिले में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में वांछित माओवादी अपिल मुर्मू उर्फ. रोहित मुर्मू 40 माराया। जबकि हाल ही में कोकराझार रेलवे ट्रैक पर हुए धमाके का मुख्य आरोपी था। पुलिस के अनुसार रोहित मुर्मू झारखंड के साहिबगंज और गोड्डा जिले में भी कई गंभीर मामलों में वांछित था उसके खिलाफ मिजाचौकी थाना कांड संख्या 14/20, नगर थाना कांड संख्या 109/14, बोरियो थाना कांड संख्या 62/15 और 77/15, गोड्डा के ठाकुरगंगटी थाना कांड संख्या 9/20 और बोरियो थाना कांड संख्या 176/20 दर्ज हैं। बोरियो थाना पुलिस ने कांड संख्या 154/22 दर्ज कर मामले में अनुसंधान शुरू किया है। रोहित मुर्मू झारखंड में रोहित मुर्मू के नाम से जाना जाता था जबकि असम में अपिल मुर्मू के नाम से वह सक्रिय था। वह नेशनल संथाल लिबरेशन आर्मी का कमांडेंट भी रह चुका था। संगठन के आत्मसमर्पण के बाद उसने आत्मसमर्पण न कर झारखंड में माओवादी गतिविधियों में भाग लिया। सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ सलकटी पुलिस चौकी क्षेत्र के नदांगुरी इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक पुष्पराज सिंह ने बताया कि यह अभियान हाल ही में कोकराझार रेलवे ट्रैक पर हुए बम विस्फोट के जिम्मेदारों की पहचान के लिए शुरू किया गया था। 23 अक्टूबर की रात करीब 1 बजे कोकराझार और सलकटी स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर एक संदिग्ध विस्फोट हुआ था। इससे 8 से 10 ट्रेनें देर से चलीं। रेलवे ट्रैक की मरम्मत सुबह 5.25 बजे तक पूरी कर दी गई और 5.30 बजे से सामान्य सेवाएं बहाल कर दी गईं। रेलवे पुलिस अधीक्षक प्रांजीत बोरा ने बताया कि लोको पायलट की सूचना के बाद जीआरपी और जिला पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पटरी और स्लीपरों को क्षति पहुँची थी, जो संभवतः विस्फोट के कारण हुई। जांच प्रारंभिक चरण में है। इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है और दोनों राज्यों में माओवादी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार

साहिबगंज/मंडरो : मिजाचौकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत विवाह भवन वाली गली में बीते दिन मध्य रात्रि 47 बोतल जो लगभग 23 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।जबकि पुलिस कार्रवाई करते हुए थाना कांड संख्या 78 ऑब्लिक 25 के तहत प्राथमिक की दर्ज कर युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई जिसमें शराब के साथ बडतल्ला निवासी छोटू मंडल को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस छापामारी में थाना के एएसआई शिवलाल अपने दल बल के साथ शामिल थे।

### साहिबगंज से दानापुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

साहिबगंजः मालदा रेलवे डिविजन अंतर्गत आस्था का महापर्व छठ को लेकर रविवार को साहिबगंज से दानापुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा है। इस संबंध में डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 03235 आप दानापुर- साहिबगंज स्पेशल ट्रेन समय सूची ठहराव और गठन के अनुसार चलाया गया।यात्रा की तिथियां दानापुर से 26 अक्टूबर वह 2 नवंबर तक जबकि 9 नंबर दिन रविवार तक चलाई जाएगी। इस पहल से यात्रियों की सुविधा मिलेगा और भीड़ भर से बचा जा सकता है।

### छः दिवसीय बेसिक संताली कोचिंग कोर्स संपन्न.

शिकारीपाड़ा : शनिवार को क्षेत्र के समाज सेवी सह संताली प्रशिक्षक हाबिल मुर्मू के अगुवाई में स्थानीय युवक-युवतियों के लिए आयोजित प्रारंभिक संताली प्रशिक्षण शिविर (20-25 अक्टूबर 2025) का समापन शिकारीपाड़ा में संपन्न हुआ।

जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय भाषाई सर्वेक्षण (1894-1928) द्वारा मानक प्राप्त उत्तरी संताली भाषा को मद्देनजर रखकर तथा सुप्रसिद्ध संताली भाषाविद् रेवरेन्ट पी.ओ.बोडिंग द्वारा संघर्षपूर्ण शोधकार्य से संकलित, रचित व संपादित संताली भाषा-साहित्य, जो लैटिन रोमन लिपि से विकसित संताली भाषा-साहित्य के प्रकाशन के आधार पर सरल व सुलभ तरीके से प्रशिक्षण देने का अथक व सहर्ष प्रयास किया गया। इस दरम्यान प्रशिक्षणार्थियों को देवनागरी और लैटिन रोमन संताली लिपि से प्रारंभिक संताली भाषा-साहित्य का ज्ञान प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया गया। जिससे प्रशिक्षणार्थियों में शुद्ध-शुद्ध संताली भाषा का महत्व, प्रलेखन और पढ़ाई-लिखाई के प्रति अत्यधिक रुचि उत्पन्न कराने सहित संताली भाषाई संरक्षण, सवर्धन और भाषा-साहित्य का विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरित किया गया।

प्रशिक्षण शिविर पर उपस्थित तमाम युवा-युवति प्रतिभागियों ने शुरूआत से लेकर अंतिम प्रशिक्षण सत्र तक सहर्षपूर्वक भाग लिया और संताली भाषा-साहित्य के बुनियादी ज्ञान को बारीकी से जानने व समझने का रुचि दिखाया और भविष्य में नियमित रूप से अपने पढ़ाई जीवन पर सतत पहल करने का संकल्प लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने सहर्षपूर्वक बताई कि उनके लिए छः दिवसीय प्रारंभिक संताली प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय और फायदेमंद रहा। आगे उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें लैटिन रोमन संताली लिपि से संताली भाषा का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण, लेखन व पठन-पाठन में सबसे सरल और सुलभ प्रतीत हुआ।

इस प्रशिक्षण शिविर में अवन्तिका मुर्मू, सुमी मुर्मू, अनामिका मुर्मू, सरिता मरांडी, सुनीता सोरेन, मीना मरांडी, छोटेलाल मुर्मू, निशा सोरेन, सुहागिनी मरांडी, बाले सोरेन, सोनाली हाँसदा, मिनुका मुर्मू, शिला टुडू सहित अन्य प्रशिक्षणार्थियों ने सहर्षपूर्वक शामिल हुए।

### सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा नेम निष्ठा से हुआ प्रारंभ

बासुकीनाथ : सूयोर्पासना का महापर्व छठ पूजा के पांच दिवसीय पर्व के दूसरे दिन शनिवार को कद्दू भात का कार्यक्रम छठ व्रतियों ने नेम निष्ठा से सम्पन्न किया । छठ पूजा के पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को नहाय खाय,दूसरे दिन शनिवार को कद्दू भात,तीसरे दिन रविवार को खरना ,चौथे दिन सोमवार की संध्या को अस्ताचल गामी भगवान भास्कर को पहला सांध्य कालीन अर्घ्य एवं मंगलवार को प्रातः कालीन उदीयमान सूर्य भगवान को सैकड़ों छठ व्रतियों एवं उसके परिजनों द्वारा नेम निष्ठा और आस्था से अंतिम अर्घ्य बासुकिनाथ के शिवगंगा सरोवर में प्रदान किया जायेगा । छठ पूजा को लेकर शिवनगरी बासुकिनाथ में छठव्रतियों में उत्साह का माहौल है । भगवान सूर्य को समर्पित छठ का यह पर्व एक अनुशासन का पर्व है । छठ पूजा की तैयारियां शिवनगरी बासुकिनाथ में छठव्रतियों द्वारा पूर्ण शुद्धता से किया जाता है ।

## पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को की गिरफ्तार



संवाददाता

साहिबगंज : राधानगर थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार राधानगर थाना कांड संख्या 172/25, धारा 20/27 एन डीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में श्रीधर निवासी प्राथमिकी आरोपी रिपन विश्वास (41) को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर मंडल कारा भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस मामले में अभी जांच जारी है। पुलिस का कहना है।कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

## भूमि उमर को उत्तराखंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बनने से खुशी

**साहिबगंज:**उमर वैश्य समाज की बेटी भूमि उमर के उत्तराखंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बनने पर उमर वैश्य समाज ने खुशी जताई है।अखिल भारतीय उमर वैश्य समाज के राष्ट्रीय मंत्री आनंद मोदी ने इसे समाज की बड़ी उपलब्धि बताया।वाराणसी की इस बिटिया ने संपूर्ण उमर वैश्य समाज का मान बढ़ाया है।भूमि बिटिया से संपूर्ण समाज ही नहीं वरन पूरा देश आशान्वित है कि ₹भूमि₹ भारत देश का गौरव बढ़ाने का काम करेगी।इसके लिए झोली भर-भर हम आशीर्वाद करते हैं।साहिबगंज जिला उमर वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार साह, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार साह,पवन कुमार साह,अवधेश कुमार सहित सभी लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## उपायुक्त के नाम से फर्जी फेसबुक पेज बनाकर लोगों को कर रहा भ्रमित




संवाददाता

साहिबगंज : जिला प्रशासन, साहिबगंज के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उपयुक्त हेमंत सती या इसी प्रकार के नाम से फर्जी फेसबुक पेजप्रोफाइल बनाकर आम नागरिकों को भ्रमित करने तथा व्यक्तिगत जानकारी एवं वित्तीय विवरण प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।यह स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त हेमन्त सती या जिला प्रशासन, साहिबगंज द्वारा किसी भी व्यक्ति से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से धनराशि, बैंक विवरण, ओटीपी, और किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी नहीं माँगी जाती है।यदि आपको किसी संदेश नोटिफिकेशन कॉल के माध्यम से वित्तीय विवरण साझा करने का अनुरोध किया जा रहा है, तो वह पूर्णतया धोखाधड़ी फ्रॉड है। ऐसी किसी भी मांग पर कोई भी जानकारी साझा न करें।क्या करें आसान कदम किसी भी अनजान असत्यापित फेसबुक पेज मैसेज को ब्लॉक और रिपोर्ट करें। फेसबुक पर रिपोर्ट फीचर से पेज,पोस्ट को रिपोर्ट करें।किसी भी वित्तीय अनुरोध पर कोई जानकारी न दें। बैंक डिटेल्स, ओटीपी, पासवर्ड युपीआई,पेआईएन कभी भी साझा न करें।संदिग्ध संदेशों की स्क्रीन्सॉट लें और जिला जनसंपर्क कार्यालय,स्थानीय पुलिस साइबर सेल को सूचित करें।

## इस बार बाढ़ अधिक आने से छठवृतियों के अलावा श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होंगी : माखनलाल



संवाददाता

**साहिबगंज :** लोक आस्था के महापर्व समर्पित छठ पूजा जिले मे धूमधाम से लोग मनाते है।जिले मे कई जगह लोग छठ घाट के अलावा आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई करते हैं।वही सदर प्रखंड के महादेवगंज स्थित पत्थर घाट छठ घाट पर जनहित क्लब के सदस्यों द्वारा लगातार कई वर्षों से साफ सफाई किया जाता है।जिसमे कमिटी के आलवे गांव के लोग भी बढ़ चढ़ के भाग सहयोग करते है। वही जनहित क्लब के अध्यक्ष माखनलाल यादव ने बताया की इस बार बाढ़ अधिक आने के कारण इस बार छठवृतियों के अलावा श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होंगी।इसको लेकर जनहित क्लब के सदस्य साफ सफाई में जुटे हुए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो।वही जनहित क्लब के संस्थापक अनुराग राहुल ने जिला प्रशासन से छठ घाट सुरक्षा व्यवस्था की मांग की।मौके पर सचिव संजय कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष अनुराग राहुल,कार्यकारिणी सदस्य कुंदन कुमार मंडल,पिंटू कुमार सिंह,शिवनंदन कुमार,मनोज कुमार मंडल,संतोष कुमार मंडल,देवकांत मंडल,अरुण कुमार यादव,अंकित कुमार,मंजय कुमार मंडल सहित कई सदस्य शामिल हुए।

## हाइवा की चपेट में आने से झामुमो नेता के पिता की मौत



**साहिबगंज:**जिल के बरहेट प्रखण्ड के कुसमा गाँव में शनिवार को एक हाइवा जेएच 16 के 3285 के पिछले पहिया की चपेट में आकर वृद्ध युगल सोरेन 73 की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हाइवा चालक और उपचालक हाइवा घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार वृद्ध कुसमा पंचायत के मुखिया सह झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष देव सोरेन उर्फ बल्लू के पिता थे। घटना मृतक के घर सामने कुसमा छुछी ग्रामीण मुख्य सड़क में घटी।घटना की जानकारी मिलने के बाद ज़िप अध्यक्ष मोनिका किस्कू, सांसद प्रतिनिधि संजीव सामु हेंब्रम,झामुमो जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी, प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, उपप्रमुख रुपक साह, झामुमो प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान, जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम, ज़िप सदस्य जेठा मुर्मू, मो अली, गुंजन सिंघानिया, एजाज अंसारी, शमीम अंसारी, अब्दुल मजीद सहित झामुमो के अन्य कार्यकताओं ने शोक संवेदना प्रकट कर मृतक को परिजनों को संबल दिया।

## डीसी ने किया छठ घाटों का किया निरीक्षण



संवाददाता

**दुमका :** जिले के छठ महापर्व की तैयारी को लेकर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों के साथ दुमका जिले के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था,अग्निशमन, सुरक्षा प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली एवं आवश्यक निदेश दिया। उपायुक्त श्री सिन्हा ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर पूर्ण कर ली जाएँ। उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था, श्रद्धा और पवित्रता का प्रतीक है, अतः श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने समिति को निर्देश दिया कि घाटों पर अपने स्तर से सीसीटीवी कैमरे लगाएं, ताकि विधि-व्यवस्था संधारण एवं निगरानी में आसानी हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पानी में रस्सी या अन्य उपयुक्त व्यवस्था की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को पानी की गहराई की जानकारी रहे और किसी प्रकार की अनहोनी की संभावना न हो।कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छठ घाटों पर गोताखोर की भी प्रतिनियुक्ति रहेगी। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि सभी घाटों पर मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित रहे, ताकि आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने घाटों तक जाने वाले मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था तथा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष पूर्ण रूप से सक्रिय रहेगा और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि सभी छठ घाटों पर महिला एवं पुरुष पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी।साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो।


## डीडीसी ने किया आजीविका सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण

**दुमका :** जिले के उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने शनिवार कोकाठीकुंड प्रखंड में महिलाओं की आजीविका सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया ।सगुन सुतम आजीविका सिलाई केंद्र का दौरा करते हुए उप विकास आयुक्त ने केंद्र में चल रही सिलाई, परिधान निर्माण और विपणन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि ह्यऐसे आजीविका केंद्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ परिवार की गरिमा और सुरक्षा को सशक्त आधार प्रदान करते हैं।ह्व

उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि घर पर कार्य करने वाली महिलाओं को भी केंद्र से जोड़ा जाए। इसके लिए संकुल संघ के माध्यम से मांग के अनुसार लोन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया, ताकि महिलाएं घर पर सिलाई कर सामूहिक विपणन का लाभ उठा सकें। इससे अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी और उनकी आय में वृद्धि होगी।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने चक्मुहा गाँव में खरछढर के पोल्ट्री के माध्यम से संचालित इश-380 नस्ल की मुर्गीपालन इकाई का दौरा किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित इस पोल्ट्री यूनिट की सराहना करते हुए कहा कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक उत्कृष्ट मॉडल है। उन्होंने महिलाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और सुझाव दिया कि समूह आधारित पोल्ट्री व्यवसाय को और अधिक विस्तार दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर इश-380 लेयर बर्ड मुर्गीपालन को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि महिलाओं की आय में स्थायी वृद्धि हो और वे मजबूत आजीविका के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें।

इसी गाँव में आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ पोषण ट्रैकर, भवन की स्थिति और सेविका के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि निरीक्षण के आधार पर केंद्रों के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। इसके बाद उन्होंने लकड़ापहाड़ी गाँव में मडुआ (रागी) की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मडुआ की खेती करने वाले किसानों को सरकार द्वारा ?5000 की प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जिसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवश्यक है। किसानों ने बताया कि पहले मडुआ की खेती होती थी, लेकिन कुछ समय के लिए यह बंद हो गई थी। पिछले दो वर्षों से खरछढर द्वारा बीज उपलब्ध कराए जाने के बाद यह खेती पुनः शुरू हुई है और अब इसमें किसानों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।



# डायरेक्टर एटली ने विज्ञापन की दुनिया में किया डेब्यू

जब बात हो स्केल, इमोशन और स्टाइल को एक साथ जोड़ने की, तो डायरेक्टर एटली का नाम सबसे पहले आता है। वे जिस प्रोजेक्ट को हाथ लगाते हैं, उसे सिनेमैटिक मैजिक में बदल देते हैं और इसका सबूत है हाल ही में चिंग्स के लिए किया गया उनका नया विज्ञापन।गौरतलब है कि 'जवान', 'मर्सल' और 'थेरी' जैसी मेगा हिट फिल्मों के लिए जाने जाने वाले एटली ने अब विज्ञापन की दुनिया में कदम रखा है, और यहां भी उन्होंने वही ग्रैंड सिनेमाई करिश्मे का प्रदर्शन किया है और उसे लार्जर दैन लाइफ बना दिया है। 8 मिनट का यह चिंग्स विज्ञापन पारंपरिक 30-सेकंड वाले फॉर्मेट को न सिर्फ पूरी तरह तोड़ता है, बल्कि दर्शकों को एक मिनी ब्लॉकबस्टर का अनुभव भी देता है, जिसमें हाई-ऑक्टेन एक्शन, ड्रामा, इमोशन और विजुअल ब्रिलियंस का तड़का लगा है। यह सिर्फ एक विज्ञापन नहीं, बल्कि आठ शानदार मिनटों में पेश किया गया मास एंटरटेनमेंट का डबल डोज़ है। अपनी कोलैबोरेशन पर बात करते हुए डायरेक्टर एटली कहते हैं, मेरे लिए हमेशा प्यार सीक्रेट इंग्रिडिएंट रहा है और चिंग्स कुछ ऐसा बनाना चाहता था, जिसे इंडिया सिर्फ देखे नहीं, बल्कि प्यार करे तो मैने बिना दो बार सोचे हां कह दिया। हालांकि इसे रणवीर की मैडनेस, बॉबी सर के मैजिक और श्रीलीला की फ्रेशनैस ने और खास बना दिया और हमने इसे बहुत दिल से पकाया। अब इसे ऑडियंस को टेस्ट करना है। रणवीर सिंह, बॉबी देओल और श्रीलीला की दमदार मौजूदगी के साथ यह फिल्म सिनेमैटिक फ्लेयर का मास्टरक्लास है। हर फ्रेम में स्केल और स्पेक्टेकल नजर आता है, जैसे स्लो-मोशन हीरो एंट्रीज़, ड्रामैटिक लाइटिंग, एनर्जी से भरी कोरियोग्राफी और एटली की फिल्मों की तरह गूंजता बैकग्राउंड स्कोर। एटली सिर्फ डायरेक्ट नहीं करते, वे एलीवेट करते हैं। यही वजह है कि उनके निर्देशन में रणवीर सिंह अपनी पिछली विज्ञापन फिल्मों की अपेक्षा कहीं अधिक दमदार नजर आ रहे हैं।

एटली ने उनकी करिश्माई पर्सनैलिटी, इंटेंसिटी और चार्म को ऐसे कैप्चर किया है कि स्क्रीन पर आग लग जाती है और यह परफॉर्मेंस, स्टाइल और स्टोरीटेलिंग का एक परफेक्ट मिश्रण बन जाता है। हर शॉट ऊर्जा, इमोशन और ग्रैंड विजुअल्स से भरा है, जो एटली की क्राफ्ट का ट्रेडमार्क है। चाहे सिनेमा हो या विज्ञापन, उनकी स्टोरीटेलिंग हमेशा भव्य, इमर्सिव और यादगार रहती है।



# सान्या मल्होत्रा ने दिलजीत दोसांझ के गाने चार्मर को लेकर किया खुलासा

बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ के गाने चार्मर को लेकर अपना एक खास अनुभव शेयर किया, जो उन्हें बेहद पसंद भी आया। इस गाने ने उन्हें अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने में मदद की।

## सान्या मल्होत्रा का पोस्ट

आज बुधवार को सान्या ने इंस्टाग्राम पर चार्मर गाने का एक रिहर्सल वीडियो शेयर किया, जिसमें वह सफेद ड्रेस में शानदार डांस मूव्स करती नजर आईं। इसके साथ सान्या ने कैप्शन में लिखा, मैंने इससे पहले कभी हील्स में डांस नहीं किया और अब मैं रुकना नहीं चाहती। मुझे दिलजीत दोसांझ के चार्मर गाने पर डांस करने का मौका मिला। मेरी टीम और डायरेक्टर का शुक्रिया। जान्हवी कपूर और राखी सावंत ने इस पोस्ट पर फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। सोफी चौधरी ने लिखा, वो सब तो ठीक है... लेकिन मुझे कभी इतना स्वैग वाला फैन लड़का क्यों नहीं मिला? आप लोगों के मूव्स बहुत पसंद हैं... हमेशा।

## दिलजीत दोसांझ का एल्बम ऑरा

चार्मर गाना दिलजीत के एल्बम ऑरा का हिस्सा है, जिसे 20 अक्तूबर को रिलीज किया गया। इस गाने का संगीत अवी सरा ने दिया और बोल राज रंजोध ने लिखे। वीडियो में सान्या एक खूबसूरत जगह पर जोशीले अंदाज में डांस करती दिख रही हैं। वीडियो को शारिक सेक्केरा ने डायरेक्ट किया, श्लोक आहूजा ने शूट किया और यश कदम ने कोरियोग्राफी की। इसके पहले, दिलजीत के एल्बम से कुफर गाना रिलीज हुआ था, जिसमें मानुषी छिल्लर नजर आई थीं।

## सान्या का करियर

हाल ही में सान्या फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में वरुण धवन और जान्हवी कपूर के साथ नजर आईं। जो 2 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। कथित तौर पर सान्या अगली फिल्म में वह बॉबी देओल के साथ नजर आ सकती हैं।

# शहनाज गिल की पंजाबी फिल्म 'इक कुड़ी' का ट्रेलर रिलीज



शहनाज गिल अपनी अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'इक कुड़ी' को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म का ट्रेलर एक्ट्रेस ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया है। फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार है। इसमें कॉमेडी, ड्रामा, इमोशन, लव एंगल सबकुछ है।

दूल्हे को परखने निकलीं 'इक कुड़ी'। शहनाज गिल की फिल्म 'इक कुड़ी' एक आम लड़की की कहानी है, जिसकी शादी पैरेंट्स करना चाहते हैं। एक रिश्ता पक्का भी हो जाता है। लेकिन फिल्म की हीरोइन यानी शहनाज का किरदार अपने होने वाले दूल्हे को परखना चाहता है। इसके लिए वह परिवार के साथ मिलकर एक अलग ही प्लान बनाती है। यही से शुरू होती है फिल्म में ड्रामा, रोमांस और कॉमेडी की ट्रिपल डोज।



# रश्मिका मंदाना ने शेयर किया थामा की शूटिंग का अनुभव

**मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा रिलीज हो चुकी है। फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल अपनी एक्टिंग से फैंस का दिल जीतने में कामयाब रहे हैं। फिल्म का कलेक्शन भी शानदार रहा है, लेकिन अब रश्मिका मंदाना ने अपने शूटिंग के दिनों को याद किया है और अपने को-स्टार से लेकर क्रू-मेंबर्स तक को दिल से शुक्रिया कहा है।**

रश्मिका मंदाना ने अपना इंस्टाग्राम अपडेट किया है और शूटिंग सेट की अनदेखी फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वे कभी मेकअप करती दिख रही हैं तो कभी रात को हॉरर सीन की शूटिंग कर रही हैं। देखकर साफ पता चल रहा है कि एक-एक सीन को परफेक्ट बनाने के लिए सभी ने कितनी मेहनत की है।

एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, ओह... मैं कहां से शुरू करूं... पहली कॉल-शीट से लेकर आखिरी कट शीट तक, यह फिल्म सिर्फ काम से कहीं अधिक रही है... यह दिल की, धैर्य की, हंसी और चोटों की और उन सुबहों की यात्रा रही है जिनके लिए हम जागना नहीं चाहते थे और उन रातों की जिन्हें हम खत्म नहीं करना चाहते थे। रश्मिका मंदाना ने आयुष्मान खुराना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल का शुक्रिया भी अदा किया है, क्योंकि उनके साथ सीन करना सहज और स्वाभाविक रहा, जबकि डायरेक्टर आदित्य ने हर डायलॉग को ठीक से करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि कई बार ऐसा भी होता था कि वे अपना मेकअप उतारना भूल जाती थी, क्योंकि वे बहुत थक जाती थी, ऐसे में मेकअप मैन उनकी मदद करते थे।

हॉरर-कॉमेडी थामा फिल्म की बात करें तो फिल्म को मैडॉक के बैनर तले ही बनाया गया है और ये उनकी हॉरर यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है, जो पर्दे पर हिट होने के लिए तैयार है। इससे पहले मैडॉक स्त्री, स्त्री-2, भेड़िया, और मुंज्या बना चुके हैं और चारों ही फिल्मों ने अच्छी कमाई की। फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म में आयुष्मान खुराना एक वैम्पायर बन जाते हैं और रश्मिका मंदाना पहले से ही वैम्पायर है, अब दोनों को प्यार हो जाता है और नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक तांत्रिक बने हैं, जो बुरी शक्तियों के राजा बनना चाहते हैं। फिल्म में हॉरर, रोमांस और कॉमेडी तीनों देखने को मिलेंगे।



# नफ़रत में संदीपा धर और दर्शन रावल की केमिस्ट्री ने जीता दिल

संदीपा धर एक बार फिर दर्शकों को मोहित करने लौटी हैं अपने नए म्यूज़िक वीडियो 'नफ़रत' के साथ, जिसमें उनके साथ नज़र आ रहे हैं सोलफुल सिंगर दर्शन रावल। अपनी अभिव्यक्तिपूर्ण अदाकारी और ग्रेसफुल डांसिंग के लिए जानी जाने वाली संदीपा एक बार फिर साबित करती हैं कि वह आज के समय की सबसे बहुमुखी परफॉर्मर्स में से एक हैं।पहले ही फ्रेम से संदीपा एक अलौकिक आकर्षण बिखेरती हैं — उनकी खूबसूरती प्यार, दर्द और नाज़ुक भावनाओं के हर पहलू को सहजता से दर्शाती है। उनकी अभिव्यक्तिपूर्ण आंखें और नैचुरल स्क्रीन प्रेज़ेंस हर गीत को जीवन से भर देती हैं, जो दर्शन रावल की मधुर आवाज़ के साथ एक खूबसूरत दृश्य कविता का रूप ले लेती है। गीत के बारे में बात करते हुए संदीपा धर ने कहा- 'नफ़रत' उन गानों में से एक है जो आपको प्यार के हर रंग को महसूस करने का मौका देता है। दर्शन के साथ काम करना शानदार अनुभव था; उनके संगीत में इतनी सहज भावनाएँ होती हैं कि उसमें खुद को पूरी तरह डुबो देना आसान हो जाता है। डांस हमेशा से मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहा है — यह उन भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है जिन्हें शब्दों में कहना मुश्किल होता है। इस गाने में एक डांस सीक्वेंस था जिसमें मुझे अपनी सीमाओं से आगे बढ़ना पड़ा, और मुझे खुशी है कि मेरा परफॉर्मेंस कहानी को और ऊंचाई देता है, 'नफ़रत' में संदीपा की एक्टिंग के साथ-साथ उनकी डांसिंग स्किल्स भी बखूबी झलकती हैं। हर मूवमेंट और जेस्चर में उनकी नफ़ासत और जुनून दिखाई देता है, जो कहानी में लय और गहराई दोनों जोड़ता है। गाने के विज़ुअल्स — मूडी, काव्यात्मक और सिनेमैटिक — उनके प्रदर्शन को और भी प्रभावशाली बना देते हैं, जिससे संदीपा वीडियो का धड़कता हुआ दिल बन जाती हैं। अब जब 'नफ़रत' रिलीज़ हो चुका है, दर्शक संदीपा धर और दर्शन रावल की खूबसूरत केमिस्ट्री को महसूस कर सकते हैं — जो एक साथ गहराई, जुनून और कोमलता से भरी है। खूबसूरती, भावना और कला का यह मेल 'नफ़रत' को सिर्फ एक म्यूज़िक वीडियो नहीं बल्कि एक अनुभव बना देता है, जो दिल में बस जाता है और यह साबित करता है कि संदीपा धर आज की सबसे मनमोहक परफॉर्मर्स में से एक हैं।




# हॉकी इंडिया लीग 2025-26 सीजन का शेड्यूल जारी, तीन शहरों में होंगे मैच

एजेंसी

**नई दिल्ली :** हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) ने शनिवार को अपने 2025झ26 सीजन के पुरुष और महिला लीग के आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा की। भारत की इस प्रतिष्ठित हॉकी प्रतियोगिता के नए सीजन की घोषणा रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदीव्य कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के महासचिव एवं हीरो हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह, रांची रॉयल्स टीम के मालिक अलविश एम.ए., तथा अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मनदीप सिंह, आशिष तानी पुर्ति, संगीता कुमारी, दीपिका सोरेंग, निक्की प्रधान और ब्यूटी डुंग डुंग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर रांची रॉयल्स टीम का नया आधिकारिक लोगो भी लॉन्च किया गया, जो झारखंड की समृद्ध हॉकी परंपरा और ऊर्जा का प्रतीक है।



### पुरुष और महिला लीग का कार्यक्रम

इस बार पुरुष लीग तीन प्रमुख शहरों – चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में आयोजित होगी, जबकि महिला लीग पिछले वर्ष की तरह पूरी तरह रांची में खेली जाएगी। पुरुषों की हीरो एचआईएल का आगाज 3 जनवरी 2026 को चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में होगा, जहां मेजबान तमिलनाडु ड्रैगन्स और हैदराबाद तूफान्स के बीच रोमांचक उद्घाटन मुकाबला खेला जाएगा। पुरुष लीग में आठ टीमें, तमिलनाडु ड्रैगन्स, हैदराबाद तूफान्स, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स (पिछली चैंपियन), वेदांता कलिंगा लैंसर्स, रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स और एचआईएल गवर्निंग काउंसिल की टीमें हिस्सा लेंगी। महिला हीरो एचआईएल की शुरूआत 28 दिसंबर 2025 को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में होगी। उद्घाटन मैच रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स के बीच खेला जाएगा। महिला लीग में कुल चार टीमें रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, और श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स भाग लेंगी।

### पुरुष एचआईएल फॉर्मेट

पुरुष लीग तीन चरणों में खेली जाएगी –
पहला चरणः चेन्नई (3झ9 जनवरी)
दूसरा चरणः रांची (11झ16 जनवरी)
तीसरा और अंतिम चरणः भुवनेश्वर (17-26 जनवरी)

सभी टीमें एक-दूसरे से एक बार भिड़ेंगी। शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी, जिनमें क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर (23 जनवरी), क्वालिफायर-2 (25 जनवरी) और फाइनल (26 जनवरी, कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर) खेला जाएगा। फाइनल से पहले तीसरे स्थान का मुकाबला भी 26 जनवरी को होगा।

### महिला एचआईएल फॉर्मेट

महिला लीग डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेली जाएगी, यानी हर टीम एक-दूसरे से दो बार भिड़ेगी। लीग चरण के बाद शीर्ष दो टीमें 10 जनवरी 2026 को फाइनल खेलेंगी। इस अवसर पर डॉ. दिलीप तिर्की, चेयरपर्सन,हीरो हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी ने कहा,ह्लपिछले सीजन की सफलता के बाद इस बार भी प्रशंसकों को उच्चस्तरीय मुकाबले देखने को मिलेंगे। पुरुष लीग को तीन शहरों में विस्तार देना हमारे लिए गर्व की बात है। इससे देशभर के हॉकी प्रेमी सीधे मैदान पर रोमांच का अनुभव कर पाएंगे। उन्होंने आगे कहा,ह्लअंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी और बढ़ता फैनबेस लीग को वैश्विक मानकों तक ले गया है। यह सीजन न केवल बेहतरीन हॉकी का प्रदर्शन करेगा बल्कि नए खिलाड़ियों को प्रेरित भी करेगा। भोला नाथ सिंह, सदस्य, एचआईएल गवर्निंग कमेटी ने कहा, ह्लहीरो हॉकी इंडिया लीग अब हॉकी का त्यौहार बन चुकी है। यह भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों को एक मंच पर लाती है। कई शहरों में होने वाले मुकाबले और फैन एंगेजमेंट के कारण यह सीजन अब तक का सबसे रोमांचक साबित होगा।

आंकड़ों में एचआईएल 2025-26
महिला लीगः 13 मैच
पुरुष लीगः 33 मैच

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए काइल जैमीसन

एजेंसी

**ऑकलैंड :** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। यह सीरीज 26 अक्टूबर से शुरू होनी है। जैमीसन को शनिवार को अभ्यास सत्र के दौरान बाएँ हिस्से में जकड़न महसूस हुई, जिसके बाद टीम प्रबंधन ने उन्हें आराम देने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के अनुसार जैमीसन अब क्राइस्टचर्च लौटेंगे जहाँ उनकी आगे की जांच की जाएगी। टीम का लक्ष्य है कि वह नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए फिट होकर लौटें। जैमीसन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टी20 मैचों (18 और 20 अक्टूबर) में हिस्सा लिया था, लेकिन 23 अक्टूबर को खेले गए तीसरे मुकाबले में नहीं खेले थे। मुख्य



कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, ह्लकाइल को आज गेंदबाजी के दौरान साइड में हल्की जकड़न महसूस हुई और हम इस शुरूआती चरण में कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। हमने निर्णय लिया है कि वह यह वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे ताकि वेस्टइंडीज दौरे के लिए पूरी तरह फिट हो सकें।ह्व वॉल्टर ने यह भी पुष्टि की कि जैमीसन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी का नाम जल्द ही घोषित किया जाएगा।

# छठ महापर्व का दूसरा दिन, श्रद्धा और भक्ति के साथ खरना करेंगी व्रती

**पटना :** लोक आस्था के महापर्व छठ का दूसरा दिन ख्ररनाह्व आज पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। छठ व्रत के चार दिवसीय अनुष्ठान में खरना का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। नहाय-खाय के बाद यह दूसरा दिन व्रतियों के लिए अत्यंत कठिन तपस्या का प्रतीक होता है, क्योंकि इस दिन व्रती निर्जला उपवास रखते हैं और सूर्यास्त के बाद पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। सुबह से ही व्रती महिलाएँ घरों की साफ-सफाई कर पूजा की तैयारियों में जुटी रहीं। शाम के समय सूर्यास्त के बाद विधि-विधान से खरना पूजा की जाती है। व्रतियों द्वारा गुड़, दूध और चावल से बनी खीर, गेहूं की रोटी और केले का प्रसाद बनाया जाता है। प्रसाद को मिट्टी या कांसे के बर्तनों में रखकर सूर्य देव और छठी मईया को अर्पित किया जाता है। पूजा के उपरांत व्रती



प्रसाद ग्रहण कर उपवास तोड़ते हैं और फिर यही प्रसाद परिवारजनों तथा आस-पड़ोस के लोगों के बीच वितरित किया जाता है। खरना के साथ छठ महापर्व का मुख्य अनुष्ठान आरंभ हो जाता है, जो अगले दो दिनों तक चलता है। तीसरे दिन संध्या अर्घ्य के अवसर पर श्रद्धालु डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं, जबकि चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व सम्पन्न होता है। यह पर्व न केवल सूर्य उपासना का प्रतीक है, बल्कि शुद्धता, संयम और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। वातावरण पूरी तरह छठमय हो उठा है। घरों और घाटों पर छठ गीतों की मधुर गूंज सुनाई दे रही है। व्रती महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा की तैयारी कर रही हैं, वहीं घाटों पर सफाई और सजावट का कार्य भी अंतिम चरण में है। लोग अपने परिजनों के साथ घाटों की ओर प्रस्थान करने की तैयारी में जुटे हैं। छठ पर्व की विशेषता इसका अनुशासन, स्वच्छता और सामूहिकता है। व्रती महिलाएं पूरे परिवार और समाज के कल्याण की कामना करते हुए सूर्य देव और छठी मईया की आराधना करती हैं। खरना के इस पवित्र दिन के साथ ही वातावरण में भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छठ पर्व के दूसरे दिन खरना की सभी श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएं

**भोपाल :** भक्ति, आस्था और शुद्धता का प्रतीक छठ महापर्व देशभर में बड़ी श्रद्धा से मनाया जा रहा है। छठ पूजा का दूसरा दिन खरना है जो लोक आस्था और भक्ति का प्रतीक है। इस दिन पूरे दिन उपवास रख शाम को पूजा के बाद प्रसाद ग्रहण करती हैं। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरना पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर अपने शुभकामना संदेश में लिखा सूर्य उपासना और लोक आस्था के पावन पर्व छठ के द्वितीय दिवस ख्ररनाह्व की बिहार सहित देशभर के सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। सूर्य देवता एवं छठी मैया की अनुकंपा से हर घर-आंगन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की वर्षा हो। सबका मंगल व कल्याण हो, यही प्रार्थना है। जय छठी मैया!

# रायपुर : सस्ती और गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं हमारी सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री साय

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सस्ती और गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उक्त बातें मुख्यमंत्री साय शनिवार की देर रात राजधानी के नवा रायपुर स्थित एक निजी होटल में दो दिवसीय आयोजित क्रिटिकल केयर पर आधारित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस क्रिटिकॉन रायपुर-2025 में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम के पहले दिन कहा कि क्रिटिकॉन रायपुर-2025 चिकित्सा विज्ञान, विशेषकर क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता का मंच है। यह देश और विदेश के विशेषज्ञों, शोधकताओं को एक साथ लाकर इस क्षेत्र में नई दिशाएं तय करने का अवसर देता है। क्रिटिकल



केयर मेडिसिन जीवन रक्षा की रीढ़ है, जो गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को नया जीवन देती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अस्पतालों, क्रिटिकल केयर इकाइयों और मेडिकल सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवा रायपुर अटल नगर में मेडिसिटी और फार्मा हब का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही प्रदेश के अन्य शहरों में भी लगातार नए अस्पतालों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये कदम छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने रामकृष्ण केयर ग्रुप की पूरी टीम को इस राष्ट्रीय आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देशभर में एक चिकित्सा उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उभर रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि क्रिटिकल केयर जैसे अति महत्वपूर्ण विषय पर कॉन्फ्रेंस की मेजबानी रायपुर को मिलना गौरव की बात है। दो दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में विशेषज्ञों के विचार-विमर्श से निश्चित रूप से ऐसे उत्कृष्ट नवाचार सामने आएंगे, जो मानव स्वास्थ्य उपचार के लिए वरदान साबित होंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि आज चिकित्सा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी के उपयोग से इलाज की नई संभावनाएं खुल रही हैं। यही नई तकनीक नए भारत की नई कहानी लिख रही है। उन्होंने चिकित्सकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जब घर में कोई आपात स्थिति होती है और मरीज को सही समय पर हॉस्पिटल पहुँचाया जाता है, तब परिवार के भय को मिटाने में क्रिटिकल केयर डॉक्टरों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि आज समय की आवश्यकता है कि हर जिले और प्रत्येक बड़े अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट्स स्थापित हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है। आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार आम लोगों के लिए बड़ी राहत है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाले देश-विदेश और प्रदेश के डॉक्टरों का मंच से सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. संदीप दवे, केयर ग्रुप के सीईओ वरुण खन्ना, तथा देश-विदेश और राज्य भर से आए 1300 से अधिक डॉक्टर उपस्थित थे।

## भारत-चीन के बीच 5 साल बाद सीधी उड़ान सेवा आज से होगी बहाल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पांच साल के लंबे अंतराल के बाद रविवार से एकबार फिर भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू होने जा रही है। इंडिगो 26 अक्टूबर से कोलकाता-गुआंगझोउ और 10 नवंबर से दिल्ली-गुआंगझोउ उड़ानें शुरू कर रहा है। चीनी एयरलाइन चाइना ईस्टर्न ने 9 नवंबर से शंघाई-दिल्ली उड़ान फिर शुरू करने की घोषणा की है।

भारत-चीन के बीच साल 2020 में कोविड-19 महामारी के बाद निलंबित सीधी उड़ान सेवा की दोबारा बहाली पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय तक चले सीमा गतिरोध के कारण लगातार टल रही थी।गत 31 अगस्त को चीन के तिनजियान में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक के बाद दिए गए वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवा की बहाली को लेकर विचार-विमर्श चल रहा है। भारत ने 2 अक्टूबर को घोषणा की थी कि 26 अक्टूबर से चीन के लिए सीधी उड़ान दोबारा शुरू होगी। इंडिगो की तरफ से बताया गया कि 26 अक्टूबर से कोलकाता-गुआंगझोउ और 10 नवंबर से दिल्ली-गुआंगझोउ उड़ानें शुरू करने जा रहा है। चीनी एयरलाइन चाइना ईस्टर्न ने भी 9 नवंबर से शंघाई-दिल्ली उड़ान फिर शुरू करने की घोषणा की। भारत-चीन केबीच सीधी उड़ान सेवा शुरू होने को लेकर बीजिंग ने कहा है कि वह चीन-भारत संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से देखने और संभालने, द्विपक्षीय संबंधों के स्वस्थ और स्थिर विकास को बढ़ावा देने, दोनों देशों और उनकी जनता को बेहतर लाभ पहुंचाने तथा एशिया और विश्व में शांति और समृद्धि बनाए रखने में उचित योगदान देने को तैयार है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज अनूपपुर और जबलपुर के दौरे पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज (रविवार को) विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव अनूपपुर और जबलपुर के दौरे पर भी रहेंगे।

तय कार्यक्रम के मुताबिक, मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार सुबह 10 बजे ह्लपेडल टू प्लांट कार्यक्रम, नया भारत हरा भारत में शामिल होंगे। सुबह 11 बजे वार्ड 27, बूथ 48, कमला नगर, करुणा धाम मंडल, दक्षिण पश्चिम विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लमन की बातह्व कार्यक्रम सुनेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचेंगे। जहां ह्लमध्यप्रदेश एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025ह्व समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे भोपाल से अनूपपुर रवाना होंगे। दोपहर 02:30 बजे अनूपपुर के ग्राम पारसी में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। अनूपपुर से 3:45 बजे जबलपुर जाएंगे। शाम 4:05 बजे: महाकौशल कॉलेज, जबलपुर कैंट विधानसभा में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यहां रोड शो, महाकौशल कॉलेज के नवीन भवन का लोकार्पण, प्रतिभा सम्मान समारोह, शाम 05:30 बजे होटल विजन महल, जबलपुर में स्थानीय कार्यक्रम, शाम 6:45 बजे: एमपीटी कलचुरी रेजिडेंसी, एमपीईबी कल्चरल ग्राउंड- ह्लचर्चाह्व करेंगे। रात 8 बजे कलेक्टर कार्यालय, जबलपुर में जबलपुर संभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, एसपी की बैठक लेंगे। वहीं रात 10 बजे जबलपुर से भोपाल वापस लौटेंगे।

## राजस्थान में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल 67 आरएएस अधिकारियों के तबादले

एजेंसी

**जयपुर :** राज्य सरकार ने शनिवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के 67 अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन के आदेश जारी किए हैं। इस सूची में 24 अधिकारियों को उपखंड मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं, सूची में वे अधिकारी भी शामिल हैं जिन्हें दो दिन पहले ही पदोन्नति दी गई थी। आदेश के अनुसार, गजेन्द्र सिंह राठौड़ को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर का सचिव बनाया गया है। उनके स्थान पर कार्यरत केशव चंद्र मीणा का तबादला किया गया है। भागचंद बधाल को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में अतिरिक्त आयुक्त के रूप में पदस्थापित किया गया है, जबकि दिनेश कुमार शर्मा को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड का सचिव नियुक्त किया गया है। इसी तरह, डॉ. गुंजन सोनी को राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर का रजिस्ट्रार बनाया गया है। राज्य सरकार ने संजय कुमार माथुर को अतिरिक्त जिला कलक्टर (एडीएम-क्क्क) जयपुर, नरेंद्र कुमार वर्मा को अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर (पूर्व) के पद पर नियुक्त किया है। वहीं, बृजमोहन नोगिया को कला संस्कृति विभाग से स्थानांतरित कर



राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग का सचिव बनाया गया है। इसी क्रम में मुकुट बिहारी जांगिड़ को संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक विभाग जयपुर, भागीरथ विश्नोई को एचसीएम रीपा जोधपुर में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन), कैलाश चंद्र शर्मा को दौसा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, निशु कुमार अग्निहोत्री को अतिरिक्त आयुक्त (टीएडी-माडा) जयपुर और अरविंद कुमार झाखड़ को नागौर जिला परिषद का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह रामस्वरूप चौहान को उप आयुक्त, उपनिवेशन विभाग जैसलमेर, आकाशदीप अरोड़ा को उपायुक्त एसएसए एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर, डॉ. नरेंद्र चौधरी को अतिरिक्त निदेशक साक्षरता एवं सतत शिक्षा, अनुराधा गोगिया को शासन उप सचिव कला, संस्कृति एवं साहित्य विभाग जयपुर तथा राकेश कुमार-प्रथम को आयुक्त (प्रशासन), वाणिज्यिक कर विभाग जयपुर के पद पर लगाया गया है। प्रभा व्यास को एचसीएम रीपा जयपुर में अतिरिक्त निदेशक, डॉ. राष्ट्रदीप यादव को शासन उप सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर, जितेंद्र कुमार पांडेय को नाथद्वारा नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिरदी चंद को अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट दौसा, रामवतार कुमावत को उप महासचिव पंजीयन एवं मुद्रांक बांसवाड़ा-वृत्त तथा सुरेन्द्र सिंह यादव को कृषि विपणन विभाग जयपुर में अतिरिक्त निदेशक के रूप में पदस्थ किया गया है। नवीन यादव को कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर का रजिस्ट्रार, डॉ. प्रीति सिंह पंवार को देवनारायण बोर्ड जयपुर का उप सचिव, कपिल कुमार यादव को भरतपुर विकास प्राधिकरण का आयुक्त, रविंद्र सिंह को राजस्व मंडल अजमेर-द्वितीय का उप निदेशक, अश्विन के. पंवार को जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग जोधपुर में अतिरिक्त आयुक्त और प्रकाश चंद रैगर को शाहपुरा (भीलवाड़ा) में अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है।

# ठाणे में 18 वा वर्ष कोंकण महोत्सव आज से 2नवंबर तक

एजेंसी

**मुंबई :** कृषि, पर्यटन, मत्स्य पालन और प्रकृति जैसे अनेक क्षेत्रों में हमारे कोंकण को विश्व प्रसिद्ध बनाने के लिए, महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथजी शिंदे , सिंधुदुर्ग सामाजिक मंडल ठाणे और शिवसेना समूह नेता एवं नगरसेवक दिलीप बारटक्के के मार्गदर्शन में, 8 दिवसीय कोंकण महोत्सव 2025, आज 26 अक्टूबर से 2 नवंबर तक, प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक, कोपरी पंचपाखड़ी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान, कोंकण महोत्सव का 18वाँ वर्ष




शक्तिपा स्कूल क्रमांक 120, स्वातंत्र्यवीर सावरकरनगर के खेल मैदान में मनाया जाएगा।इस बार, कोंकण महोत्सव में कोंकण के प्रसिद्ध दशावतारी थिएटर समूहों द्वारा 5 पारंपरिक दशावतारी और ट्रिकसिन नाटक शामिल होंगे, जिनमें नाइक मोचेमाडकर पारंपरिक दशावतारी नाटक, वेंगुरला, मामा मोचेमाडकर पारंपरिक दशावतारी नाट्य मंडल मोचेमाड, वेंगुरला, चेंदावंकर दशावतारी नाट्य मंडल (ट्रिक्सिन नाटक) कुडाल, दत्तमौली दशावतारी नाट्य मंडल, सिंधुदुर्ग, जय हनुमान पारंपरिक दशावतारी नाट्य मंडल, शामिल हैं। सावंतवाड़ी, बोर्डेकर पारंपरिक दशावतारी नाट्य मंडल, डोडामार्ग, भजन डबल बारी, महिलाओं के लिए पैठणी नामक एक विशेष खेल, सुरेश पाटिल की संगीत रचना, महाराष्ट्र की लोक कलाओं पर आधारित गंध माटी का एक रंगीन कार्यक्रम, रंग काले और नृत्य, कोंकण रत्न पुरस्कार, मेधावी छात्रों का सम्मान और बच्चों के लिए एक मजेदार और दिलचस्प आकर्षण का केंद्र भी यह मेला भी है। बताया जाता है कि इस वर्ष कोंकण महोत्सव का मुख्य आकर्षण यह है कि रत्नागिरी के राजापुर जिले के बांदीवड़े गाँव में श्री भराड़ी देवी मंदिर की प्रतिकृति का निर्माण किया जायेगा। यहाँ विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे, जिनमें प्रामाणिक कोंकण का स्वादिष्ट मसालेदार म्हावरा, मालवणी मसाला, स्वादिष्ट खड़खड़े के लड्डू, मालवणी खाजा, कुलदाची पिठी, सूकी मच्छी, मछली, कोकम, काजू, आम कटहल वड़ी, पोहा, विश्व प्रसिद्ध ₹मुगदाची जादू₹ सूप, रावली, सावंतवाड़ी खिलौने, गंजीफा, साहित्य का आनंद लेने के लिए विभिन्न विषयों पर पुस्तक स्टॉल होंगे।दरअसलयह महोत्सव कोंकण के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हर साल कोंकणवासी कोंकण महोत्सव का स्वागत करने के लिए बहुत उत्साहित रहते हैं। नागरिकों की भीड़ उमड़ती है। ठाणे से वेंगुर्ला तक लगभग डेढ़ से दो लाख नागरिक इस कोंकण महोत्सव में आते हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मप्र के इंदौर संभाग में आज तेज बारिश का अलर्ट, प्रदेश के कई जिलों के रात के तापमान में आयी गिरावट

भोपाल : मध्य प्रदेश में मौसम में अब बदलाव दिखने लगा है। बारिश की गतिविधियों के बीच प्रदेश में धीरे-धीरे ठंड बढ़ने लगी है। कई जिलों में रात का तापमान 15 डिग्री तक पहुंच गया है। आज रविवार को प्रदेश के इंदौर संभाग के जिलों में पानी गिरने की चेतावनी जारी की गई है। बारिश के कारण आने वाले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में भी बारिश का दौर बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, डिप्रेशन (अवदाब) के एक्टिव होने से मध्य प्रदेश में बारिश का दौर शुरू जारी है। रविवार से सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा। धार, बड़वानी, झाबुआ और अलीराजपुर में अगले 2 दिन तेज बारिश का अलर्ट है। वहीं, प्रदेश के 24 जिलों में भी मौसम बदला रहेगा। इंदौर और उज्जैन में बूंदाबांदी होने का अनुमान है। भोपाल में शनिवार रात से ही बारिश हो रही है। इससे पहले शनिवार को भोपाल, उज्जैन, शाजापुर, पांढुर्णा समेत कई जिलों में बारिश हुई। शाजापुर के अकोदिया और पांढुर्णा में तो सड़कों से पानी बह गया। भोपाल में बादल छाने और धुंध होने से विजिबिलिटी घट गई। सीजन में पहली बार इतनी ज्यादा धुंध देखी गई। अगले 24 घंटे के दौरान इंदौर संभाग के धार, बड़वानी, झाबुआ और अलीराजपुर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। यहां ढाई से साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, आगर-मालवा, रतलाम, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, शाजापुर, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश, गरज-चमक और आंधी का अलर्ट है। बाकी जिलों में मौसम साफ रहेगा। यहां धूप खिलेगी। मौसम विभाग ने 27, 28 और 29 अक्टूबर तक बारिश, गरज-चमक और आंधी की संभावना जताई है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग में असर देखने को मिलेगा। बता दें कि प्रदेश में पिछले कुछ दिन से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली थी। खासकर रात का तापमान 15 डिग्री तक पहुंच गया है। शनिवार को बारिश होने की वजह से कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई है। बारिश का दौर थमने के बाद रात के तापमान में गिरावट होने का अनुमान है। मंडला, नरसिंहपुर, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया, भोपाल, बैतूल, गुना, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, नर्मदापुरम, इंदौर, पचमढ़ी, रतलाम, उज्जैन में रात का तापमान 20 डिग्री से ज्यादा है। आने वाले कुछ दिनों में पारा और गिरेगा।

### असम कैबिनेट ने 12,000 से अधिक एसएसए शिक्षकों के नियमितीकरण को दी मंजूरी: मुख्यमंत्री

गुवाहाटी : असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने घोषणा की कि राज्य सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत कार्यरत 12 हजार से अधिक शिक्षकों की सेवाओं को नियमित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया फेसबुक के जरिए जारी एक संदेश में आज कहा है कि राज्य सरकार बीते कुछ वर्षों से शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और उनकी दीर्घकालिक मांगों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि हाल ही में असम कैबिनेट ने एक निर्णय को मंजूरी दी है, जिसके तहत 12 हजार से अधिक एसएसए शिक्षकों को शिथिल नियमों के साथ नियमितीकरण के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम शिक्षकों के कल्याण और स्थायित्व की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### राजा भोज एयरपोर्ट पर विंटर सीजन शुरू, भोपाल-दिल्ली के बीच आज से नई फ्लाइट

भोपाल : मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर आज रविवार से विंटर सीजन की शुरूआत हो गई है। यह सीजन यात्रियों के लिए कई नई सुविधाएं और हवाई कनेक्टिविटी में विस्तार लेकर आया है। इस शेड्यूल में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव दिल्ली रूट पर हो रहा है। एयर इंडिया एयरलाइंस भोपाल से दिल्ली के लिए एक अतिरिक्त डेली फ्लाइट शुरू कर रही है। दरअसल, विंटर शेड्यूल के तहत दिल्ली, गोवा और अन्य प्रमुख शहरों के लिए नई उड़ानें शुरू होंगी। इससे न सिर्फ कनेक्टिविटी मजबूत होगी, बल्कि दिल्ली रूट पर किराया भी 5 से 10 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है। एयर इंडिया भोपाल से दिल्ली के लिए एक अतिरिक्त फ्लाइट शुरू करने जा रही है, जिससे रोजाना उड़ानों की संख्या 5 से बढ़कर 6 हो जाएगी। वहीं, इंडिगो एयरलाइंस महीने के पहले, तीसरे और पांचवें रविवार को दिल्ली के लिए एक स्पेशल फ्लाइट संचालित करेगी। इसके अलावा, इंडिगो की भोपाल-गोवा के बीच बंद पड़ी फ्लाइट भी आज फिर से पटरी पर लौट आएगी, जो छुट्टियों के मौसम में पर्यटकों के लिए राहत लेकर आएगी। विंटर शेड्यूल के तहत भोपाल से कोलकाता और बेंगलुरु के लिए भी नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन ने नवी मुंबई और जेवर एयरपोर्ट (नोएडा) के लिए एक-एक अतिरिक्त फ्लाइट स्लॉट बुक किए हैं, जबकि पुणे रूट पर दो नई फ्लाइटें शुरू होंगी। कुल मिलाकर, इन बदलावों से भोपाल 13 से अधिक शहरों से डायरेक्ट कनेक्ट होगा और दैनिक उड़ानों की संख्या 50 से ऊपर पहुंचने की संभावना है।

### एक नवंबर से पश्चिम बंगाल में धान खरीद शुरू, किसानों के खातों में सीधे जाएगी राशि

कोलकाता : पश्चिम बंगाल खाद्य विभाग आगामी खरीफ सीजन की शुरूआत के साथ ही एक नवंबर से राज्यभर में धान की सरकारी खरीद प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि किसानों को अब धान बेचने के तीन कार्यदिवस के भीतर भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में मिल जाएगा। यह व्यवस्था किसानों को भुगतान में देरी से बचाने के उद्देश्य से की गई है। खाद्य विभाग ने बताया कि वर्ष 2025झ्26 के खरीफ सीजन के लिए राज्यभर में कुल 620 स्थायी धान खरीद केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा 179 मोबाइल खरीद केंद्र भी लगाए जाएंगे, जो विशेष रूप से उन दूरदराज इलाकों में जाएंगे जहां किसानों के लिए स्थायी केंद्रों तक पहुंचना कठिन है। इन मोबाइल केंद्रों के साथ-साथ विभाग अस्थायी खरीद शिविर भी लगाएगा, जिन्हें विभिन्न सरकारी एजेंसियां संचालित करेंगी। खाद्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार, संबंधित एजेंसियों को अस्थायी शिविर में धान खरीद के अगले दिन विभाग को जानकारी देनी होगी। विभाग उस सूचना का सत्यापन कर किसानों के बैंक खातों में शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करेगा। इस वर्ष किसानों को प्रति क्विंटल धान के लिए 2,369 रुपये का समर्थन मूल्य मिलेगा। वहीं, जो किसान सरकार के खरीद केंद्रों पर धान बेचेंगे, उन्हें अतिरिक्त 20 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। इस प्रकार किसानों को कुल 2,389 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान किया जाएगा। खाद्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि धान बिक्री के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। किसान निर्धारित तिथि पर संबंधित केंद्र पर धान बेच सकेंगे। यदि किसी कारणवश निर्धारित दिन पर पहुंचना संभव न हो, तो पुनः बुकिंग करनी होगी। अधिकारियों के अनुसार, नवंबर से फरवरी तक के चार माह धान खरीद के लिए सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण अवधि माने जाते हैं।

### अरब सागर में बने डिप्रेशन से राजस्थान में तीन दिन बारिश के आसार

**जयपुर :** अरब सागर में बने डिप्रेशन सिस्टम और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय अवदाब के कारण राजस्थान में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। प्रदेश में 26 अक्टूबर से बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उदयपुर, कोटा और अजमेर संभाग के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, जबकि कुछ स्थानों पर तेज बारिश और गर्जन के साथ बिजली चमकने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अरब सागर में बना डिप्रेशन सिस्टम लगातार मजबूत हो रहा है, वहीं बंगाल की खाड़ी में एक और डिप्रेशन सिस्टम विकसित हो रहा है, जो अगले कुछ दिनों में साइक्लोन या सीवियर साइक्लोन का रूप ले सकता है। इसके साथ ही 27 अक्टूबर से उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इन तीनों सिस्टम के संयुक्त प्रभाव से राजस्थान में आगामी तीन दिनों तक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने शनिवार को बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और उदयपुर जिलों में बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने किसानों और कृषि उपज मंडियों को सलाह दी है कि वे खुले में रखी फसलों और अनाज को सुरक्षित स्थानों पर रखें, ताकि नुकसान से बचा जा सके। विभाग ने 26 अक्टूबर को बांसवाड़ा, बारां, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, सलूम्बर और उदयपुर जिलों में बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई है। जबकि 27 अक्टूबर को बांसवाड़ा, बारां, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, सलूम्बर, सिरोही और उदयपुर में बारिश का येलो अलर्ट दिया गया है। वहीं, अजमेर, भीलवाड़ा, बूंदी, सवाई माधोपुर, टोंक और जालोर जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना जताई गई है। इसी तरह 28 अक्टूबर को अजमेर, बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सलूम्बर, सिरोही, टोंक, उदयपुर और जालोर जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि तीनों सिस्टम के प्रभाव से राज्य में 26 से 28 अक्टूबर के बीच विभिन्न इलाकों में गर्जन के साथ वर्षा और तेज हवाओं की संभावना है।

न्यूज IN ब्रीफ

## सड़क हादसे में सीआइएसएफ जवान घायल



**धनबाद :** थाना क्षेत्र के पीके रॉय कॉलेज के समीप शनिवार की सुबह सड़क दुर्घटना में सीआइएसएफ जवान मदन मोहन तिवारी (34) बुरी तरह घायल हो गये. घायल जवान की पहचान झरिया के कतरास मोड़ निवासी के रूप में हुई. वह बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया में तैनात है. वह शनिवार की सुबह अपनी बाइक से कतरास मोड़ स्थित अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान पीके रॉय कॉलेज के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. हादसे में उन्हें सिर और शरीर के कई हिस्सों में चोट लगी हैं. वहां उपस्थित लोगों ने तत्काल उन्हें सड़क से उठाकर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच पहुंचाया. सूचना मिलते ही उनके परिजन अस्पताल पहुंचे. एसएनएमएमसीएच के चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर करने की सलाह दी. परिजनों ने उन्हें पहले नावाडीह स्थित असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया. लेकिन वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें दुगार्पुर के हेल्थ वर्ल्ड हॉस्पिटल रेफर कर दिया. सूचना मिलने पर झरिया विधायक रागिनी सिंह भी असर्फी अस्पताल पहुंचीं और घायल जवान का हालचाल लिया.

## भौंरा में पेट्रोल छिड़कर हाइवा संग स्वयं को आग लगाने के मामले में तीन केस दर्ज

**भौंरा :** ओपी क्षेत्र के भौंरा-परसियाबाद मोड़ के समीप गुरुवार की शाम हाइवा मालिक राजू यादव व उनके समर्थकों द्वारा कार्तिक महतो की पिटाई के बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा पांच हाइवा को क्षतिग्रस्त करने, पेट्रोल छिड़कर स्वयं को आग लगाने के प्रयास करने तथा पुलिस के साथ धक्का मुक्की करने के मामले में तीन अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें 15 नामजद और 50 से 60 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। जबकि पांच लोगों ने लिखित शिकायत की है। पुलिस मामला दर्ज करने के बाद आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने में जुट गई है। वहीं घटना को लेकर शुक्रवार को भी क्षेत्र में तनाव बरकरार है।

पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाई हुई है। शिकायतकर्ता वीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि उसका हाइवा परसियाबाद के रास्ते से कोयला लोड करने फोर ए पेंच जा रहा था। इसी बीच भौरा परसियाबाद के समीप किसी बात को लेकर दो लोगों में झगड़ा हो गया था। तभी उसके पांच हाइवा को रोक कर कार्तिक महतो, अमर महतो, सुनील महतो, डबलू महतो व अन्य लोगों ने तोड़फोड़ की। पेट्रोल छिड़कर आग लगाने का प्रयास किया। दूसरा शिकायतकर्ता कार्तिक महतो ने कहा कि हम अपने घर जा रहे थे। इसी बीच एक काले रंग की स्कॉर्पियो पर सवार होकर राजू यादव, चुनमुन यादव , अनिकेत सिंह और शिव कुमार यादव आए। हमारे पास आते ही लाठी व रॉड से हमला कर दिया। तीसरा मामला खुद भौरा पुलिस ने दर्ज किया है, जिसमें डबलू महतो, कार्तिक महतो, अमरदीप महतो, अमर महतो सुनील सिंघ, कुंदन सिंह और भीम कुमार को नामजद आरोपी बनाने के साथ 50/60 अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया है। भौंरा ओपी प्रभारी का कहना है कि कानून व्यवस्था किसी कीमत पर भंग नहीं होने दिया जायेगा।

## बाइक छिनतई मामले में तीन गिरफ्तार

**देवघर :** देवघर जिले की पुलिस ने बाइक छिनतई मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में विक्रम दास, चन्द्रशेखर यादव और विकास दास शामिल है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया दो बाइक और चोरी का एक बाइक बरामद किया गया है।

एसपी सौरभ ने बताया कि गत 22 अक्टूबर को 9.30 बजे रात्रि को डकाय जंगल के पास एक छिनतई की घटना घटी थी। मामले को दो बाइक पर सवार छह अपराधियों ने अंजाम दिया था। अपराधकर्मियों ने एक बाइक की छिनतई की थी।

इस संबंध मे 23 अक्टूबर को छह अज्ञात अपराधियों के खिलाफ सारवां थाना में मामला दर्ज कराया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सारवां के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी की बाइक और दो अन्य बाइक बरामद की गयी। अन्य अपराधियों की तलाश जारी है।

## अरुण अमित तिग्गा को मिला बेस्ट पीएचडी अवार्ड

**रांची :** कुडुख लिटरेरी सोसायटी ऑफ इंडिया, नई दिल्ली की संयुक्त तत्वावधान में झारसुगुड़ा, ओडिशा में आयोजित 18वें राष्ट्रीय कुडुख सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को मुख्य रूप से रांची स्थित जेएन कॉलेज धुर्वा के कुडुख विभाग के प्रोफेसर अरुण अमित तिग्गा को सोसायटी की ओर से बेस्ट पीएचडी अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। अमित तिग्गा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर से शुरू होनेवाले इस सम्मेलन का समापन आगामी 26 अक्टूबर को होगी। इस सम्मेलन में झारखंड के 56 प्रतिभागी शामिल हुए है। मौके पर झारखंड चैप्टर चीफ सह केसीबी कॉलेज, बेड़ो के कुडुख प्रो धीरज उरांव, रांची विश्वविद्यालय, रांची से विश्वविद्यालय कुडुख विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ बन्दे खलखो, जेएन कॉलेज धुर्वा के कुडुख डॉ अरूण अमित तिग्गा, डोरंडा कॉलेज, डोरंडा के कुडुख प्रो विकास उरांव, बीएस कॉलेज लोहरदगा के कुडुख प्रो ब्लासियुस पन्ना, केओ कॉलेज गुमला के कुडुख प्रो प्रेमचंद उरांव, मांडर कॉलेज के कुंड़ुख प्रो सुषमा कुजूर और रांची विश्वविद्यालय कुडुख विभाग के शोधार्थी सुखराम उरांव, कृष्णा उरांव, जगदीश उरांव सहित विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

## श्रीगुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी

रामगढ़ : सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर सरदार जसकीरत सिंह सैनी प्रभातफेरी की अगुवाई कर रहे थे।प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर सुभाष चौक, मेन रोड, झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला होते हुए किला मंदिर के समीप हरपाल सिंह अरोड़ा के इंपिरियल प्लाजा में पहुंची। यहां अरोड़ा परिवार ने साध संगत का स्वागत किया। वहीं, मुख्य गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से सरदार प्रीतम सिंह कालरा ने सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभातफेरी के दौरान साथ संगत मिटी धुंध जग चानन होया, कल तारण गुरुनानक आया... जैसे साध-संगत शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे।

# सीएम व विधायक कल्पना सोरेन ने जलेश्वरी देवी के ब्राह्मण भोज में हुए सम्मिलित

### दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शोक-संतप्त परिवार को सांत्वना दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की









संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन आज राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय के रांची स्थित हरमू हाउसिंग कॉलोनी के आवास पर पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय जलेश्वरी देवी जी के ब्राह्मण भोज सह कुटुंब भोज में सम्मिलित होकर स्मृति शेष जलेश्वरी देवी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने विनोद कुमार पाण्डेय तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# हादसे में युवक की मौत के बाद अस्पताल में तोड़फोड़, सड़क जाम

### डॉक्टरों को पीटा, पुलिस का लाठीचार्ज

संवाददाता

धनबाद : आठ लेन सड़क के सर्विस लाइन में 99 कोयलांचल सिटी के समीप शुक्रवार की रात दो बाइक की हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। मृतक की पहचान बारामुड़ी बस्ती के रहने वाले 25 वर्षीय नंदू रॉय के रूप में हुई है जबकि दोनों घायल बारामुड़ी खटाल के 16 वर्षीय श्याम एवं 17 वर्ष का नंदन यादव बताया जाता है । घायलों को अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नंदन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार की रात 8:30 बजे नंदन यादव और श्याम बाइक से 99 कोयलांचल सिटी से दूध बांटकर विनोद बिहारी चौक की ओर लौट रहे थे, इसी दौरान विनोद बिहारी चौक की ओर से ब्लिंककीट डिलीवरी का बैग लेकर बाइक से आ रहे नंदू राय की उनसे सीधी टक्कर हो गई।

टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद आसपास के लोग जुटे तथा तीनों को टेंपो से अशर्फी अस्पताल ले गए। जहां नंदू को डॉक्टर ने मृत घोषित किया कर दिया वहीं श्याम और नंदन का इलाज अशर्फी में चल रहा है। शव देखकर खोया आपा, इमरजेंसी में तोड़फोड़ : नंदू रॉय की मौत की खबर पाते ही बारामुड़ी बस्ती के सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष युवक पहुंच गए। नंदू को टेंपो में ही पड़ा देखा तो लोग उग्र हो गए और अस्पताल प्रबंधन पर इलाज न करने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को तहस-नहस कर दिया। अस्पताल के अन्य कई जगहों के शीशे दरवाजे सभी तोड़ डालें। वहीं अस्पताल के बाहर सैकड़ो की संख्या में लोगों ने सड़क जाम कर दिया और कई आने और जाने वाले वाहनों के साथ मारपीट की एक एंबुलेंस का शीशा देख तोड़ दिया। अशर्फी के सामने आठ लेन सड़क को बाइक ,कार और बांस लगाकर लगभग आधे घंटे तक जाम कर दिया। इमरजेंसी में डॉक्टरों और सुरक्षाकर्मियों को पीटा : आक्रोशित लोगों ने अशर्फी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में जमकर उत्पाद मचाया। सभी मॉनिटर व मेडिकल इक्विपमेंट तोड़ दिए। सलाइन चढ़ाने वाले स्टील के स्टैंड से डॉक्टरों पर वार किया गया। बीच बचाव में सुरक्षा कर्मियों के साथ भी मारपीट की गई। वहां भर्ती मरीजों के बीच चिख पुकार मच गई। सूचना पाकर धनबाद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ भी गाली गलौज और धक्का मुक्की करने लगे। पुलिस ने किया लाठी चार्ज , मची भगदड़ : सड़क जाम कर रहे और अस्पताल में तोड़फोड़ कर रहे लोगों पर काबू पाने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करनी पड़ी। लाठी चार्ज करते ही वहां भगदड़ मच गई। अचानक सड़क के दोनों ओर भागम भाग से वाहन चालकों के बीच अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को कई राउंड लाठी चार्ज करनी पड़ी। रात के 10:30 के बाद मामला शांत हुआ। असंतुलित बोलेरो ने स्कॉर्पियो को मारी टक्कर, बाल बाल बचा बाइक सवार : धनबाद। पुलिस के लाठी चार्ज के दौरान वहां अफरा तफरी मच गई। इस दौरान बिरसा मुंडा पार्क की ओर से तेज गति से आ रहे एक बोलेरो ने अशर्फी के सामने खड़े स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की स्कॉर्पियो घसीटते हुए आगे जाकर एक बाइक सवार से जा टकराया। बाइक सवार ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बाइक छोड़कर लोहे के बैरिकेड से सर्विस लेन में छलांग लगा दी जिससे वह बाल बाल बच गया स्कॉर्पियो ने बाइक को चपटा कर दिया। बाइक सवार विजय महतो की जान हादसे में बाल बाल बच गई। इधर बोलोरो का एयर बैग खुल गया। उस पर सवार लोग भी बाल-बाल बच गए। इस हादसे के बाद भी वहां जाम लग गया। मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम छुड़ाया।

## कोयला उत्पादन 50 साल में 79 मिलियन टन से 781 मिलियन टन तक पहुंचा

**धनबाद :** कोल इंडिया का स्थापना दिवस एक नवंबर को है। इसकी तैयारी कोल इंडिया के साथ-साथ अनुषंगी कंपनियों में शुरू हो गई है। कोल इंडिया की ओर से स्थापना दिवस को लेकर जारी संदेश में कहा गया है कि गौरवपूर्ण 50 साल में कोल इंडिया ने 79 मिलियन टन से जो यात्रा शुरू की, वह वित्तीय वर्ष 2024-25 में 781 मिलियन टन तक पहुंच गया है। कोल इंडिया स्थापना दिवस पर कोल सेक्टर के विशेषज्ञों ने बताया कि 50 साल किसी कंपनी के लिए महत्वपूर्ण है। इन 50 वर्षों में कोल इंडिया में कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। माइनिंग टेक्नोलॉजी को प्राथमिकता के कारण मैनपावर में कमी आई है और कोयला उत्पादन में वृद्धि हो रही है। कोयला जैसे फॉसिल फ्यूल की आनेवाले समय में पर्यावरण कारणों से महत्ता घटेगी। इसे देखते हुए कोल इंडिया वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों में निवेश बढ़ा रहा है। मसलन सौर ऊर्जा, कोल गैसीफिकेशन एवं क्रिटिकल मिनरल के क्षेत्र में कोल इंडिया की इंट्री हो रही है। कोल इंडिया गैर-कोयला खनिजों की ओर अपने कदम बढ़ा रही है, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और खनन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। खासकर ग्रेफाइट जैसे खनिजों पर, जो इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह कदम भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए कंपनी के विविधीकरण की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी खनिज अन्वेषण और विकास को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश सरकार जैसी राज्य सरकारों के साथ समझौता ज्ञापन भी कर रही है। कोल इंडिया अब कुछ कोयला क्षेत्र जहां से कोयला ट्रांसपोटिंग की सुविधा नहीं है, वहां पावर प्लांट तक चालू करने की योजना बना रही है। इन 50 साल में कोल सेक्टर में जो सबसे बड़ा बदलाव आया, वह है कोयले की कॉमर्शियल माइनिंग। निजी क्षेत्र के लिए कोयला खदानों को खोला गया है। पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और दक्षता में वृद्धि का दावा कर यह पहल हुई है। ... बीसीसीएल के डेढ़ हजार कर्मियों को प्रमोशन मिलने की उम्मीद स्थापना दिवस पर कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियों के कर्मियों को प्रमोशन का तोहफा मिलेगा। हर साल स्थापना दिवस पर ही कोयला कर्मियों को प्रोन्नति मिलती है। मैनपावर बजट के अनुसार प्रमोशन की घोषणा होगी। सभी अनुषंगी कंपनियों में कोयला कर्मियों के प्रोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीसीसीएल में भी लगभग डेढ़ हजार कोयला कर्मियों को प्रमोशन मिलने के आसार हैं।

# होटल सेंट्रल पार्क में रचा गया इतिहास




**ज्योति पाठक**

1987 में एक साथ पढ़ाई करने वाले सभी सहपाठी 38 वर्षों के बाद पुनः मिले। शिक्षा वह अनमोल धरोहर है जो हमें सफलता के साथ साथ बेहतर और अच्छे संस्कार भी देती है उक्त बातें चक्रधरपुर के सेंट्रल पार्क में साऊथ इस्टन रेलवे इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल की लोकप्रिय प्राचार्या रहीं श्रीमती पी गौरी ने कही।

उन्होनें कहा कि -

उनके विद्यालय के छात्र रहे इन विद्यार्थियों की सकरात्मक सोच रही कि उन्होनें पुनः मिलकर अपने पुराने दिनों को साझा करने की सोची। उन्हें इस बात का गर्व है कि उनके विद्यालय के छात्र वर्तमान समय महत्वपूर्ण और ऊंचे पद हैं यह शिक्षा का बेहतर और उत्कृष्ट परिणाम है। आज एकत्रित हुए छात्रों में कोई असम में तो कोई पूना, नोएडा, बंगाल,जमशेदपुर बोकारो रहते हैं लेकिन आज भी चक्रधरपुर इन सबके दिलों में बसा है। सबों ने सामंजस्य बनाकर इस कार्यक्रम का आयोजन कर इसे ऐतिहासिक बनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लोकप्रिय प्राचार्या रहीं पी गौरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं पूर्व छात्र गण सेवानिवृत्त प्राचार्या पी गौरी के हाथों प्रतीक चिह्न पाकर भावुक और प्रसन्नचित्त हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अहम योगदान देने और व्यवस्था करने वाले होटल के संचालक किशोर वर्मन को भी सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम के संदर्भ में यही कहा जा सकता है कि-

शिक्षा है अनमोल धरोहर
वर्षों बाद भी यह हमें कराता
यह अहसास
सभी बने शिक्षित और गौरवपूर्ण रहे उनका इतिहास

### सरायकेला में पशु तस्करी का प्रयास विफल

# ग्रामीणों ने पशुओं को मुक्त कराकर वाहन में लगाई आग



संवाददाता

**सरायकेला :** झारखंड के सरायकेला में पुलिस की कड़ी निगरानी और लगातार कार्रवाई के बावजूद पशु तस्करी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला सरायकेला थाना क्षेत्र के रंगामटिया गांव का है, जहां ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाते हुए पशु तस्करी का प्रयास विफल कर दिया।

पुलिस के अनुसार, शनिवार देर रात एक वाहन में तस्कर अवैध रूप से तीन बैलों को लेकर जा रहे थे। संदेह होने पर ग्रामीणों ने वाहन को घेर लिया और बैलों को मुक्त करा लिया। इस दौरान तस्कर अपनी गाड़ी को छोड़कर भागने में कामयाब रहे। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहन में आग लगा दी।

घटना की सूचना मिलते ही सरायकेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सभी मवेशियों को कब्जे में लेकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं, मौके का जायजा लेने के बाद पुलिस ने जले हुए बाहन को जब्त कर लिया और अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार तस्करों की तलाश कर रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की सख्ती के बावजूद तस्कर अब गांव के कच्चे और सुनसान रास्तों का इस्तेमाल कर मवेशियों की तस्करी कर रहे हैं, ताकि पुलिस की निगरानी से बचा जा सके।